## गांवों के बाद सौंसर नगर में पहुंच गया है तेंदुआ, लोगों में दहशत

# तेंदुए ने किया बकरी का शिकार, दो बछड़े घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



मोहगांव मुगनापार क्षेत्र के बाद में अब तेंदुए ने सौसर के वार्ड क्रमांक 14 छिंदवाड़ा मार्ग पर दस्तक दी है, क्षेत्र के लोगों के द्वारा रात्रि के समय में दो तेंदुए के द्वारा बकरीयो का शिकार करने की बातें कही जा रही है। सोमवार की रात्रि दो तेंदुए के द्वारा कोठे में एक बकरी का शिकार और दो बकरी के बच्चों को घायल किया है।

जानकारी मिलने के बाद में मौके पर पशु चिकित्सा विभाग की एवं वन विभाग की टीम ने पहुंचकर कार्रवाई की, घटना के बाद में तेंदुए को लेकर इस क्षेत्र में ग्रामीणों को डर लग रहा है। छिंदवाड़ा मार्ग स्थित शराब दुकान के पीछे बीती रात एक तेंदुए ने धावा बोलकर 1 बकरी को अपना शिकार बना लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार की रात्रि 12 से 1 बजे के बीच में सौसर-छिंदवाड़ा मुख्य मार्ग पर स्थित शराब दुकान पास वाले हिस्से की है। बताया जा रहा है कि तेंदुए ने रात के अंधेरे का फायदा उठाकर किसान सूर्यवंशी के खेत के कोठे में बंधे हुए बकरियों हमला बोल दिया था, जिसमें से तेंदुए के द्वारा खुटे से बंधे हुए एक बकरी का शिकार किया गया,दो बछड़ों पर हमला कर घायल कर दिया है,घटना के संबंध में जानकारी देते हुए किसान ने बताया कि रात्रि 12 से 1 बजे के बीच में क्षेत्र के लोगों के द्वारा दो तेंदुओं को यहां पर देखा गया है, जिसमें खेत के कोठे में बंधे हुए एक बकरी का तेंदुए ने शिकार और दो बछड़ों को घायल किया है। घायल बछड़ों का स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा इलाज किया गया है वही वन विभाग की टीम के द्वारा मौके पर पहुंच कर पंचनामा बनाया गया है।

मुख्य मार्ग और रिहायशी नगरिय इलाके के इतने करीब तेंदुए की सक्रियता ने वार्ड क्रमांक 14 के नागरिकों में डर का वातावरण बना दिया है।

लोगों का कहना है कि अब शाम ढलते ही इस मार्ग पर अकेले निकलना खतरनाक हो गया है। चर्चा के दौरान वन विभाग एसडीओ सौसर प्रमोद चोपड़े ने बताया कि सौसर क्षेत्र में तेंदुए की मूवमेंट की जानकारी है, वार्ड नंबर 14 में हुई घटना को लेकर वन विभाग के द्वारा कार्रवाही की गई है।

सभी क्षेत्रवासियों के द्वारा रात्रि के समय में अपने खेतों पर ना रहते हुए घरों में रहना चाहिए, तेंदुए के मूवमेंट को देखते हुए खेतों के कोटे जानवरों को नहीं रखना चाहिए, वन विभाग के द्वारा क्षेत्र में ग्रस्त में बढ़ोतरी करते हुए लोगों को सजक एवं जागरूक रहने की अपील भी की जा रही है।

## दो दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी का हुआ समापन

**छिंदवाड़ा।** स्व. अविनाश उपासनी नैतिक शिक्षा उपक्रम के अंतर्गत तरूणाई निःशुल्क वाचनालय के तत्वावधान में दो दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी का आज विधिवत समापन हुआ। प्रदर्शनी के दूसरे दिन सुबह से ही पाठकों का तांता लगा रहा। बडी संख्या में विद्यार्थियों न भी इस प्रदर्शनी में शिरकत की। विभिन्न विषयों की पुस्तकों को देखकर सभी ने प्रयास को सराहते हुए 200 से अधिक पाठकों ने पुस्तकों की सूचि तैयार कर संस्था को दी जिन्हें प्रदर्शनी उपरांत उपलब्ध कराया जायेगा। विवेकानंद साहित्य, बाल साहित्य, पर्यावरण, विज्ञान एवं संविधान संवाद श्रृंखला के साथ ही हिन्दी साहित्य की पुस्तकों में सभी वर्ग के पाठकों व्दार रूचि दिखाई गई है। पुस्तक प्रदर्शनी के दूसरे दिन एम एल बी स्कूल, टी वल्ड मल्टी विद्यालय, सोनी कॉलेज, पी जी कॉलेज आदि के विद्यार्थियों व्दारा बडी संख्या में सहभागिता निभाई गई। डी पी सी श्री जगदीश इडपाचे व्दारा शिक्षा के उद्येश्य से इस प्रकार की प्रदर्शनी को और पुस्तकों को बहुत अधिक महत्वपूर्ण बताया गया है।

## आबकारी विभाग ने की कार्यवाही

# 8000 किलो महुआ लाहन नष्ट 110 लीटर कच्ची शराब जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

आज 30 दिसंबर को विकासखंड के ग्राम पीपलपानी, वड्डामाल एवं कोंढर में दबिश देकर आबकारी विभाग पांढुर्ना की टीम ने 2 चढी हुई भट्टियां बरामद की, नदी नालों के आसपास अवैध कच्ची शराब निर्माण हेतु ड्रमों और पन्नियों में भरकर रखी लगभग 8000 किलो महुआ लाहन बरामद किया। लाहन के सैम्पल लेकर शेष लाहन मौके पर नष्ट कर दिया गया। यह कारवाई सहा. आबकारी आयुक्त बीआर वद्य के निर्देश पर आबकारी वृत्त पांढुर्ना द्वारा की गई। कारवाई के दौरान 110 लिटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब जब्त की गई। इस मामले में 6 ज्ञात लोगों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। इस कारवाई में सहा. जिला आबाकारी अधिकारी जीएल मरावी, मु. भारती गोंड, उपनिरीक्षक आकाश मेश्राम, नरेंद्र कुमार नागेश, अनिकेत पटेल सहित अन्य आरक्षक एवं होमगार्ड मौजूद थे।

# विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल ने शौर्य यात्रा ने दिखाया दम

## हिन्दू वादी संगठनों की जनजागरण रैलियों और शौर्य यात्रा जैसी रैलियों ने बदला माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

**विगत दो दिवस पहले जिला मुख्यालय छिंदवाड़ा में विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल के जोशिले युवाओं के नेतृत्व में शौर्य यात्रा का संचलन किया गया। जिससे क्षेत्र की सनातनी संस्कृति का संदेश के साथ सनातनी युवाओं का शक्ति प्रदर्शन खुलकर सामने आया। हिन्दू संस्कृति की ओर युवाओं का रूझान और जिहादियों का विरोध के इस प्रदर्शन ने जिले में विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल दोनों ही सांख को आसमान तक पहुंचा दिया।**



कलेक्टर कार्यालय के सामने स्थित डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी मैदान में विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल के तत्वधान में विशाल धर्मसभा का आयोजन किया गया जहां बजरंगदल के राष्ट्रीय संयोजक किशन प्रजापत का ओजस्वी उद्बोधन हुआ। उन्होंने हिन्दुओं से एकजुट होकर देशविरोधी जिहादी मानसिकता के विरूद्ध एकसाथ खड़े होने की बात कहीं इस दौरान उत्साहित बजरंगियों ने अयोध्या तो झांकी है मथुरा - काशी अभी बाकी है,जय श्रीराम,वीर बजरंगी,हरहर महादेव भारत माता की जय के गगनभेदी जयकारे लगाए मंच पर पूज्य संतों के अतिरिक्त बजरंग दल के क्षेत्र संयोजक विश्व वर्धन भट्ट प्रांत संयोजक यतेंद्र पाठक,विहिप के विभागमंत्री ऋषिराज बैस,जिलाध्यक्ष विहिप ठा.अरविंद प्रताप सिह,परासिया जिलाध्यक्ष सरदार हरपाल सिह, विभाग संयोजक शैलेष यदुवंशी उपस्थित रहे। मंच संचालन जिला मंत्री व प्रांत सह संयोजक तरस्वी उपाध्याय द्वारा हुआ आभार प्रदर्शन बजरंगदल के संयोजक गौरव सेन ने व्यक्त किया। बड़ी हजारों की संख्या मे विहिप बजरंगदल जिले के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उद्बोधन पश्चात विशाल शौर्य जागरण यात्रा का पथसंचलन निकाला गया जो कि धर्मसभा स्थल से सत्कार तिराहा,BSNL कार्यालय, जेल तिराहा, बस स्टैंड,अमित ठेंगे स्मारक यातायात थाना सहित नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए वापस धर्म सभा स्थल पर समापन किया गया।

## ग्राम सारई में सामुदायिक सहभागिता से किया गया बोरी बंधान

**जुन्नारदेवः** म.प्र. जन अभियान परिषद भोपाल के आदेशानुसार जिला कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन के निर्देशानुसार एवं म.प्र. शासन के मंशानुसार म.प्र. जन अभियान परिषद छिंदवाड़ा के जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन व ब्लॉक समन्वयक श्री संजय बामने की उपस्थिति में विकासखंड जुन्नारदेव में जल संचय अभियान के तहत पंख सामाजिक विकास संस्थान जुन्नारदेव के पदाधिकारी सुश्री निमांशी रामपुरे, आस्था खातरकर के नेतृव में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्यों व बीएसडब्ल्यू/एमएसडब्ल्यू के छात्र छात्राओं ने ग्रामीणों के साथ मिलकर ग्राम पंचायत आवरिया के ग्राम सारई में जिलाजामुन नाला पर बोरी बंधान कर जल संरक्षित किया गया ग्राम पंचायत आवरिया सरपंच श्री राकेश धुर्वे ने जल संचय एवं जल संवर्धन अभियान की आवश्यकताओं और लाभों की जानकारी दी उन्होंने कहा कि जल संरक्षण केवल एक विकल्प नहीं बल्कि एक आवश्यकता है। जल ही जीवन है और इसके बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। इसलिए हमें जल के महत्व को समझते हुए इसके संरक्षण के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए परामर्शदाता श्री सरजू विश्वकर्मा ने जल संरक्षण की शपथ दिलाई एवं परामर्शदाता श्री गोविंद नंदवंशी ने जल संचय की आवश्यकता व जल संरक्षण के लिए हो रहे नवाचार की जानकारी दी। इस श्रमदान कार्य में ग्राम पंचायत सरपंच राकेश धुर्वे,उपसरपंच संतोष वरकडे,पूर्वसरपंच सुमलता परते,कोटवार नारायण डेहरिया,मेट सकुन पन्द्राम,सचिव-प्रेमलाल ऊईके परामर्शदाता श्री सरजू विश्वकर्मा,गोविंद नंदवंशी एमएसडब्ल्यू छात्र -कविता यदुवंशी,नीलम विश्वकर्मा, हरीश परतेंती,उमा यदुवंशी,मेट-दिनेश यदुवंशी पंच-धन्नू धुर्वे,सावित्री धुर्वे,मनोज धुर्वे, दीपक सूर्यवंशी सम्मु धुर्वे ,हरिलाल धुर्वे,संजय धुर्वे सहित समस्त ग्रामवासी ने सहभागिता की।

## अपर कलेक्टर ने सुनी 15 आवेदकों की समस्यायें

**पांढुर्णा।** राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है । अपर कलेक्टर श्री नीलमणि अग्निहोत्री ने आज कलेक्टर कार्यालय पांढुर्णा के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 15 आवेदकों की समस्यायें सुनी । इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये । जनसुनवाई में मुख्य रूप से जमीन का सीमांकन करने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, भू-अधिकार पट्टा दिलाने, जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने, जाति प्रमाण पत्र बनाने, मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का लाभ दिलाने, खसरा-नक्शा दुरूस्त कराने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। अपर कलेक्टर श्री अग्निहोत्री ने विभिन्न आवेदनों में तत्काल प्रकरण नोट कराते हुए तत्परता के साथ निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

# 300 कि.ग्रा. महुआ लहान व 30 लीटर हाथभट्टी शराब बरामद



**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देशानुसार सहायक आबकारी आयुक्त बी.आर. वैद्य के मार्गदर्शन में वृत्त अमरवाड़ा के आबकारी दल द्वारा आज अमरवाड़ा क्षेत्र के अंतर्गत मदिरा विक्रताओं तथा मदिरा निर्माण के अड्डों में दबिश कार्यवाही की गई। कार्यवाही के अंतर्गत ग्राम तेंदनीमाल तथा पिंडरईकलां में कुल 30 लीटर हाथभट्टी शराब जब्त कर 3 आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1)क, च के तहत प्रकरण कायम किया गया। इसी क्रम में ग्राम बांकामुकासा में पेंच नदी के किनारे से लगभग 300 कि.ग्रा. महुआ लहान बरामद कर प्रकरण कायम किया गया । इस कार्यवाही में वृत प्रभारी सुश्री वैशाली भगत के साथ आबकारी आरक्षक व अमरवाड़ा एवं सिंगोड़ी थाने का स्टाफ उपस्थित था।

## स्वर्गीय पूनाराम बाविस्टाले को कॉंग्रेस ने दी श्रद्धांजलि



**सौंसर।** बीते दिनों ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष पुनारामजी बाविस्टाले के निधन पर मंगलवार को कांग्रेस की ओर से बरेली रोड स्थित कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन करते हुए स्वर्गीय पुनारामजी बाविस्टाले के निधन पर 2 मिनट का मौन धारण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है।श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए वरिष्ठ जिला कांग्रेस प्रभारी गंगा प्रसाद तिवारी भागवतराव महाजन, विधायक विजय चौरे, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ राजेंद्र यमदे ने कहा वरिष्ठ कांग्रेस नेता स्वर्गीय श्री बाविस्टाले का जाना पार्टी और समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। वे एक निष्ठावान व्यक्तित्व थे जिन्होंने सदैव संगठन की मजबूती के लिए कार्य किया। उनकी कमी को हमेशा महसूस होंगी, उन्होंने 17 साल तक विपरीत परिस्थितियों में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद पर रहते हुए संगठन की मजबूती,के लिए कार्य किया साथ ही समय-समय पर सौसर क्षेत्र के ज्वलन समस्याओं पर आंदोलन आदि करते हुए समस्याओं का निराकरण भी किया हैं। स्वर्गीय बाविस्टाले के जाने से कांग्रेस का एक आधार स्तंभ समाप्त हो गया है। आयोजन के दौरान एनएसयूआई युवक कांग्रेस ब्लॉक कांग्रेस कमेटी,कॉंग्रेस सेवादल के पदाधिकारी ने स्वर्गीय पुनाराम जी के साथ में बिताए हुए समय काम को अपने-अपने शब्दों में साझा किया, श्रद्धांजलि कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कांग्रेस नेता सुरेश कपालेयुवराज जिचकर, केशव बोढ़े, विजय चौधरी, सुनील भांगे, पीपला नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कैलाश चौधरी प्रदेश युवा मोर्चा सचिव सोपान कोहले, गोपाल कामोंने, राजू ठोसरे, देवेन्द्र केदार, अमरीश जायसवाल आदि मौजूद रहे।

## शांति जाप से की विश्व शांति की मंगल कामना
## जैन समाज कर रहा सिद्धचक्र विधान की आराधना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

धर्म नगरी छिंदवाड़ा के नई आबादी गांधी गंज स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जिनालय में चल रहे आठ दिवसीय श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान के छठवें दिवस आयोजक कोल्ड स्टोरेज परिवार के साथ सकल जैन समाज, मुमुक्षु मंडल एवं जैन युवा फेडरेशन ने भक्ति भाव पूर्वक सिद्ध परमेष्ठी भगवन्तों की आराधना की।इस अवसर पर सकल समाज ने आठवीं पूजन के माध्यम से 5 सौ अर्ध समर्पित कर शांति जाप के कर विश्व शांति की मंगल कामना की ओर अतिथि विद्वान पंडित अनुभव जी शास्त्री करेली एवं जिनेन्द्र जी शास्त्री जयपुर के मंगल प्रवचनों का लाभ लिया।संध्या की बेला पर पाठशाला के विद्यार्थियों के साथ महिला मंडल द्वारा सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत जैन रामायण की प्रस्तुति दी गई जिसने सभी का मन जीत लिया।फेडरेशन सचिव ने बताया कि आठ दिवसीय मंगल महोत्सव की पूर्णता 1 जनवरी 2026 के शुभ दिन श्री जिनेन्द्र चल समारोह से की जावेगी। जिसमें सकल जैन समाज को आमंत्रित किया गया है।

# अतिक्रमण पर निगम सख्त, दुकानदारों को थमाया नोटिस

## नगर निगम का चल रहा शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



अवैध अतिक्रमण के मामलों में नगर निगम ने सख्त रुख अपनाते हुए दुकानदारों को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। नगरीय प्रशासन द्वारा गिरधारीलाल साहू (पिता धुरु साहू) एवं पूजा साहू (पति चमन लाल साहू) के विरुद्ध तीन अलग-अलग मामलों में कार्रवाई की गई है।

**पहला मामलाः** गिरधारीलाल साहू को दुकान क्रमांक 421 (सीढ़ी वाली) के पीछे भूतल का एक कमरा एवं उसके पीछे स्थित एक अन्य कमरा किरायेदारी पर आवंटित है। जांच में पाया गया कि आवंटित क्षेत्र के पीछे अतिरिक्त शासकीय भूमि पर अतिक्रमण किया गया है, जो अनुबंध एवं आवंटन शर्तों का स्पष्ट उल्लंघन है। इस प्रकरण में संबंधित दुकानदार को दो अलग-अलग कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।

**दूसरा मामलाः** पूजा साहू को दुकान क्रमांक 422 एवं 423 भूतल पर लीज पर आवंटित है। यहां भी आवंटित क्षेत्र के पीछे शासकीय भूमि पर अतिक्रमण पाया गया, जिसे अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन माना गया है। नगर निगम द्वारा संबंधित आवंटियों को 24 घंटे के भीतर लिखित जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित समय-सीमा में जवाब प्रस्तुत नहीं करने अथवा संतोषजनक उत्तर न मिलने की स्थिति में एकपक्षीय निर्णय लेते हुए दुकान का आवंटन निरस्त किया जा सकता है, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित दुकानदार की होगी। उल्लेखनीय है कि गल्ला मार्केट के दुकानदारों द्वारा राजमाता सिंधिया गर्ल्स कॉलेज की भूमि पर अतिक्रमण कर लिया गया था, जिसे जिला प्रशासन एवं नगर निगम की संयुक्त कार्रवाई के तहत हाल ही में हटाया गया। उक्त अतिक्रमणकारी दुकानदारों के विरुद्ध कलेक्टर महोदय द्वारा टीएल बैठक में आयुक्त, नगर पालिक निगम को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। इन्हीं निर्देशों के तारतम्य में मंगलवार को संबंधित दुकानदारों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।

# नागपुर इतवारी,छिंदवाड़ा रेलगाड़ी को जुन्नारदेव तक किये जाने की गोंडवाना ने की मांग

## रेलवे प्रबंधक संजय वर्मा को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

जुन्नारदेव,, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी व्दारा मध्य रेलवे प्रबंधक डीआर एम दक्षिण पूर्व के नाम रेलवे प्रबंधक संजय वर्मा को ज्ञापन सौंपा गया जिसमें छिंदवाड़ा से नागपुर चल रही इतवारी रेल गाड़ी को जुन्नारदेव तक चलाएं जाने की मांग की गई है। जिससे जुन्नारदेव के अतिरिक्त छिंदवाड़ा जिले के कोयलांचल क्षेत्र के परासिया जुन्नारदेव दमुआ सहित आस पास के लोगों को सीधे तौर पर लाभ मिलेगा। वही नागव्दरी शिवरात्रि महादेव मेले में नागपुर की ओर से आने वाले श्रद्धालुओं को भी लाभ होगा,,,। नवनिर्मित सर्व सुविधा युक्त रेलवे स्टेशन, शहर का वर्षों पूराना रेलवे स्टेशन यहाँ से दसकों पूर्व से परासिया जुन्नारदेव वाया आमला, भोपाल के लिए मात्र एक पैसेंजर ट्रेन चलती रहीं। परासिया जुन्नारदेव से भोपाल का सफर करने वालों के लिए सिधे पेसिंजर ट्रेंन की सुविधा मिल ही जाती थी। किन्तु परासिया जुन्नारदेव से नागपुर जाने के लिए आमला से दुसरी पैसेंजर ट्रेन बादना पढता है।

## अवैध कोयला उत्खनन को लेकर किया गया जागरूक

# पुलिस और वेकोलि सुरक्षा गार्डों ने चलाया जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



अंबाड़ा पुलिस चौकी प्रभारी के निर्देशानुसार पुलिस कर्मी और वेकोलि के सुरक्षा गार्ड बंद कोयला खदानों की खंतियों में पहुंचे । जो खंतियों के आसपास घूमते , कोयला बीनते दिखाई दिए उन्हें समझाईश दी ।

वहीं आसपास के रहवासी क्षेत्रों में मौजूद लोगों से अवैध उत्खनन न करने की अपील की , इस तरह के उत्खनन के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया ।आमजन को ओपन माइंस में अवैध रूप से प्रवेश कर कोयला चोरी न करने की समझाइश दी गई ।अधिकारियों ने बताया , कि कोयला चोरी से जान - माल का गंभीर खतरा हो सकता है ।अभिभावकों से अपील की गई , कि वे अपने बच्चों पर विशेष ध्यान रखें ।कई बच्चे बिना बताए घर से निकलकर कोयला चोरी में लिप्त हो जाते हैं , जो अत्यंत चिंताजनक है ।कोयला चोरी व पैसे कमाने के लालच में आकर जान जोखिम में नहीं डालें , क्योंकि जान से बढ़कर कुछ भी नहीं है ।पुलिस व सुरक्षा कर्मियों ने इसे जनहित व सुरक्षा से जुड़ी पहल बताया ।

बता दें , की बीते कुछ महीनों में अंबाड़ा क्षेत्र की बंद कोयला खदानों में अवैध रूप से कोयला निकालने के चलते कई दुर्घटनाएं हुई । दो युवकों की जान गई । कुछ घटनाओं में लोग घायल हुए । जिसके बाद प्रशासन ने खदानों के मुहाने बंद कराए । कुछ ईंट भट्टों पर कार्रवाई की । बावजूद इसके कोयला निकालने को लेकर फिर से सुगबुगाहट होने लगी । जिसकी भनक लगते ही पुलिस और वेकोलि प्रबंधन सयुंक्त रूप से इसे पूरी तरह बंद करने के लिए प्रयासरत है । जिसमें प्रशासनिक स्तर पर पूरा सहयोग मिलना अपेक्षित है ।

पुलिस और प्रबंधन का मानना है , कि जहां - जहां खदानें उनके आसपास के क्षेत्रों में स्थापित ईंट भट्टों की नियमित जांच होती रही और कार्यवाही होती रहे तो अवैध कोयला उत्खनन और इसके व्यापार पर पूर्णतः अंकुश लगाया जा सकता है ।

## विद्यार्थियों को पुरस्कारों का किया गया वितरण

**सौंसर।** मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जन्म जयंती पर संदीपनि शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सौसर में हुए निबंध प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन विद्यालय के सभागार में किया गया । कार्यक्रम भाजपा जिला अध्यक्ष पांढुरना संदीप मोहोड़ के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया था, आयोजन के दौरान निबंध प्रतियोगिता के पुरस्कारों का वितरण किया गया जिसमें प्रथम विजेता पीयूष संजय वैद्य को 5001 द्वितीय विजेता मेघना संजय मेहत्रे को 3001 रुपए एवं तृतीय पुरस्कार विजेता मेघा गोपाल गोड़मारे को 2001 रुपए से विद्यालय प्राचार्य श्रीमती शैलजा बत्रा, देवेंद्र गायकवाड,विवेक गायकवाड, नामदेव पाल आदि के हस्ते प्रदान किया गया।प्रतियोगिता में कुल 29 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। कार्यक्रम कोई संबोधित करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष श्री मोहोड़ ने कहा कि व्यक्तित्व एवं कृतित्व से अपने जीवन को सुदृढ़ बनाने एवं अटल बिहारीजी के चरित्र को अपने जीवन में आत्मासात करने के लिए प्रेरित किया।



प्राचार्य श्रीमती शैलजा बत्रा ने भी उनकी कविताओं एवं उनके बहुमुखी प्रतिभा के व्यक्तित्व को प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य हेतु प्रेरणा प्रदान किया, संचालन अनुराधा परिहार आभार उपप्राचार्य संजय गवनेकर ने किया, कार्यक्रम में प्रियंका पटेल, दिव्या मोहोड़ प्रिंसी तिवारी, कुसुम पवार, दिनेश्वर गौतम ,संजय पाडोले अरविंद उईके आदि थे।

### रिपोर्टिंग कर रहे एक न्यूज टीम से मारपीट, जिला प्रेस एसोसिएशन पांढुर्ना ने की सख्त कार्रवाई की मांग

# आष्टा में पत्रकारिता पर पुलिसिया हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

सीहोर जिले के आष्टा में पत्रकारिता की स्वतंत्रता पर गंभीर प्रहार का मामला सामने आया है। जी न्यूज के रिपोर्टर और कैमरामेन के साथ आष्टा पुलिस द्वारा मारपीट, अभद्रता, कैमरा छीनने, फुटेज डिलीट करने और कैमरा तोड़ने की घटना ने पूरे प्रदेश के पत्रकार जगत को झकझोर कर रख दिया है। इस घटना के विरोध में जिला प्रेस एसोसिएशन पांढुर्ना ने मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन के नाम ज्ञापन सौंपकर दोषी पुलिसकर्मियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। यह ज्ञापन मंगलवार 30 दिसंबर को एडिशनल कलेक्टर प्रियंक मिश्रा को सौंपा गया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, जी न्यूज के रिपोर्टर प्रमोद शर्मा और कैमरामेन रजत दुबे आष्टा में दो समुदायों के बीच बने तनावपूर्ण हालात की कवरेज कर रहे थे। इसी दौरान मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने रिपोर्टिंग से रोकने के उद्देश्य से रिपोर्टर प्रमोद शर्मा के पर लाठीचार्ज किया और उनका मोबाइल फोन भी छीन लिया। जब कैमरामेन रजत दुबे ने इसका विरोध किया तो पुलिस ने जबरन उनका कैमरा छीन लिया।इतना ही नहीं, दोनों पत्रकारों को पुलिस वैन में बैठाकर थाने ले जाया गया। आरोप है कि घटना की सच्चाई आमजन तक न पहुंचे, इस उद्देश्य से पुलिस ने कैमरे की रिकॉर्डेड फुटेज डिलीट कर दी और बाद में टूटा हुआ कैमरा लौटा दिया। इस पुलिसिया मारपीट में जी न्यूज के संवाददाता प्रमोद शर्मा के हाथ और पैर में गंभीर चोटें आई हैं।

जिला प्रेस एसोसिएशन पांढुर्ना ने इस पूरे घटनाक्रम को लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर सीधा हमला बताते हुए कहा कि पत्रकारों के साथ इस तरह का व्यवहार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एसोसिएशन ने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पुलिसकर्मियों पर तत्काल कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## आज होगा चौरई नगर में आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी का आगमन

**चौरई।** तकरीबन तीन वर्ष के पश्चात धर्मनगरी चौरई में एक बार पुनः आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी संग का बुधवार 31 दिसम्बर को नगर आगमन होने जा रहा है 30 दिसम्बर छिंदवाड़ा से झिलमिली की ओर बिहार कर रात्रि विश्राम ग्राम झिलमिली जैन मंदिर जी मै होना तय है सुबह प्रातः झिलमिली से धर्म नगरी चौरई की ओर आगमन होगा। आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी के साथ उनके 24 शिष्यों का भी संग होगा दिनांक 31 दिसम्बर को चौरई नगर में ही प्रातः काल में आचार्य श्री की आहारचार्य संपन्न होना है उसके तत्पश्चात छोटी बाजार स्थित पारसनाथ जैन मंदिर प्रांगण में मंगल प्रवचन होंगे जिसके बाद आचार्य श्री संग सहित सिवनी की ओर बिहार करेंगे आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी की चौरई नगर अगवानी में बड़ी संख्या में जैन समाज के अलावा अन्य समाज के धर्म प्रेमी भी इंतजार कर रहे हैं।



## लहगडुआ में रात एक बजे डाक्टर एवं गाड़ी चालक को दिखा टाइगर

**परासिया** :- तामिया क्षेत्र के लहगडुआ के जंगल में टाइगर घूम रहा है । आधी रात के बाद टाइगर रोड पर भी आ रहा है । जिससे बड़ा खतरा पैदा हो गया हैb। गत सोमवार की रात एक बजे लहगडुआ में सड़क के किनारे टाइगर को घूमते हुए देखा गया है । टाइगर को बड़कुही के प्रसूती एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ अजय कुमार नायक एवं उनकी गाड़ी के ड्राइवर ने देखा । डॉ नायक ने बताया कि रात के समय जब वे चावलपानी से नसबंदी कैंप से लौट रहे थे , तब एक बजे लहगडुआ पहुंचने पर सड़क का मोड़ काटते समय गाड़ी के लाइट में उन्हें और ड्राइवर को सड़क के किनारे चल रहा टाइगर दिखाई दिया । जो बाघ था । खतरे को देखते हुए फिर ड्राइवर ने तेज गति से गाड़ी को भगाया ।

## नववर्ष पर साइबर ठगी से सतर्क रहने की जुन्नारदेव पुलिस की अपील

**जुन्नारदेवः** नववर्ष के अवसर पर साइबर अपराधों की आशंका को देखते हुए पुलिस थाना जुन्नारदेव द्वारा आम नागरिकों को सतर्क रहने की अपील की गई है।नगर निरीक्षक राकेश सिंह बघेल एवं उप निरीक्षक मुकेश डोंगरे के निर्देशन में पुलिस ने साइबर ठगों द्वारा अपनाए जा रहे नए तरीकों को लेकर चेतावनी जारी की है।पुलिस ने बताया कि नए साल पर अक्सर **WhatsApp** के माध्यम से "**Happy New Year**" संदेश भेजकर फोटो, लिंक अथवा फाइल भेजी जाती है। यदि यह संदेश किसी अनजान नंबर से प्राप्त हो, तो उस पर क्लिक करने से बचें। विशेष रूप से यदि किसी फाइल के अंत में .**APK** एक्सटेंशन हो, तो उसे डाउनलोड या इंस्टॉल न करें, क्योंकि ऐसी फाइलें मोबाइल फोन को हैक कर सकती हैं।पुलिस के अनुसार, इस प्रकार की फाइलों से मोबाइल में मौजूद व्यक्तिगत जानकारी, सोशल मीडिया अकाउंट, बैंक डिटेल्स और **OTP** चोरी होने का खतरा रहता है।इसके साथ ही **WhatsApp** की सुरक्षा सेटिंग्स को मजबूत करने की सलाह देते हुए कहा गया है कि **Privacy** और **Security Settings** में जाकर **Unknown** नंबरों से आने वाले **Media Auto-Download** को बंद रखें।यदि किसी व्यक्ति के साथ साइबर ठगी की घटना होती है, तो तत्काल मोबाइल इंटरनेट बंद कर साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें अथवा **www.cyber-crime.gov.in** वेबसाइट पर शिकायत दर्ज कराएं।नगर निरीक्षक राकेश सिंह बघेल, उप निरीक्षक मुकेश डोंगरे ने नागरिकों से अपील की है कि सतर्कता ही साइबर अपराध से बचाव का सबसे बड़ा उपाय है और किसी भी संदिग्ध संदेश या लिंक पर तुरंत कार्रवाई करने से पहले सोच-समझकर कदम उठाएं।

## वैश्य महा सम्मेलन मध्य प्रदेश इकाई जुन्नारदेव में तिथि दर्पण का भव्य विमोचन



**जुन्नारदेव** : वैश्य महा सम्मेलन मध्य प्रदेश इकाई जुन्नारदेव द्वारा आज समाजिक एकता और धार्मिक परंपराओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से तिथि दर्पण का विधिवत विमोचन किया गया। जुन्नारदेव में गरिमाम में सम्पन्न हुआ, जिसमें समाज के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।तिथि दर्पण का विमोचन राकेश जैन, रमेश राय, संजय जैन, मितेश जायसवाल, अनिल चौरसिया, संजय गुप्ता, दीपेश जैन, विनोद जैन एवं हरीश अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर तिथि दर्पण को समाज के लिए उपयोगी बताते हुए इसकी सराहना की।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि तिथि दर्पण के माध्यम से धार्मिक तिथियों, पर्वों एवं सामाजिक आयोजनों की जानकारी समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक सरलता से पहुंचेगी। यह समाज में सांस्कृतिक जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ भावी पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य करेगा।विमोचन के पश्चात तिथि दर्पण का वितरण भी प्रारंभ किया गया, जिसे समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक ग्रहण किया। आयोजन के दौरान समाज की एकता, संगठन की मजबूती और सामाजिक सहभागिता पर विशेष जोर दिया गया।

# मुझे बदनाम करने रचि जा रही साजिश - विनोद

**लोकायुक्त, हाईकोर्ट से हारने के बाद रच रहे नया षड़यंत्र, वायरल आडियो मामले में नपाध्यक्ष ने ली प्रेस कॉफ्रेंस**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय को लेकर कथित आडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने नगर पालिका में प्रेस कांफ्रेस ली । उन्होंने कहा , कि नगर पालिका अध्यक्ष नहीं बन पाने , लोकायुक्त , हाईकोर्ट से हारने के बाद अब उनके राजनीतिक विरोधी इस तरह का षडयंत्र रच रहे है । उन्होंने कहा , कि इससे परे वे जनता की सेवा में लगे रहेंगे । इस संवाददाता सम्मेलन में भाजपा के शहरी मंडल अध्यक्ष बल्लू नागी ने इस मामले में पार्टी और परिषद के नगर पालिका अध्यक्ष के साथ होने की बात कही । सभापति संतोष डेहरिया भी उपस्थित रहे ।गौरतलब है , कि बीते दो दिनों से सोशल मीडिया में नगर पालिका अध्यक्ष के नाम और पदनाम का उल्लेख कर आडियो चलाए जा रहे है । नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने कहा ,



किवायरल आडियों मेरा बताकर मेरे विरुद्ध और भाजपा नेताओं के विरुद्ध दुष्प्रचार किया गया । इस आडियों को लेकर दोनों पक्षों ने कथित बातचीत से इंकार किया है । पोर्टल में जारी वीडियों में कहा गया है , कि वे इसकी पुष्टि नहीं करते । जब पुष्टि नहीं करते तो नाम और पद का उल्लेख कर वीडियो क्यों चलाया गया । साफ जाहिर है , कि दुष्प्रचार करने और छबि खराब करने के लिए इसका इस्तेमाल किया जा रहा है ।उन्होंने कहा , कि आडियों कब के हैं ? किससे मिले ? किसने रिकार्ड किया और इसका सोर्स क्या है ? इसकी जानकारी दिए बिना छबि खराब करने के उद्देश्य से आडियो प्रसारित किया जा रहा है । नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा , कि आटो चलाकर और ईंट बनाकर वे इस पद तक पहुंचे हैं । पार्टी ने अध्यक्ष बनने का मौका दिया । एक गरीब व्यक्ति पद पर आने से धनवान लोगों को ये रास नहीं आ रहा है । वे खुद पैसों के बल पर अध्यक्ष बनना चाहते थे । अब धनवान लोग पैसों का इस्तेमाल कर उनकी छबि को खराब कर रहे है ।उन्होंने कहा , कि राजनीतिक विरोधियों ने लोकायुक्त को शिकायत की । यहां षडयंत्र काम नहीं आया । इसके बाद हाईकोर्ट में सिंगल और डबल बैंच में भी वे हारे । अब ये नया षडयंत्र रच रहे हैं ।नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा , कि जामई विधायक का अतिक्रमण हटाया गया था । उनके माध्यम से विधानसभा में प्रश्न लगाए गए । यहां भी मामले में उन्हें दोषी नहीं माना गया था । उन्होंने कहा , कि उन्हें पद से हटाने के लिए तमाम षडयंत्र रचे जा रहे है ।

### आडियो फर्जी , पार्टी नपाध्यक्ष के साथ

बल्लू नागी भाजपा के शहरी मंडल अध्यक्ष बल्लू नागी ने इस संवाददाता सम्मेलन में कहा , कि नगर पालिका अध्यक्ष के खिलाफ वायरल किए जा रहे आडियो फर्जी और एआई जनरेटेड है । इसमें इनकी आवाज नहीं है । उन्होंने कहा , कि हमारी परिषद मिलकर काम कर रही है । आगे भी अच्छा काम करेंगे । उन्होंने कहा कि दो बार का पार्षद रहने के बाद वे अध्यक्ष नहीं बन सके , लेकिन पार्टी ने जिसे जिम्मेदारी दी उसके साथ काम कर रहे है ।

## मारुड के छात्र छात्राओं को मिली मुफ्त साइकिलें



**पांढुर्णा।** विकासखंड के ग्राम मारूड की शासकीय माध्यमिक शाला में बच्चों को साइकिल वितरीत की गई। शालेय छात्र छात्राओं को साइकिलों का वितरण वितरण, मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष बालाभाऊ ठाकरे, सरपंच सिंदुबाई मर्सकोले, उप सरपंच बंडुजी बालपांडे, मीडिया संयोजक पुरुषोत्तम कडु, बुथ प्रभारी जगदीश डोईजोड, स्कूल के मुख्य अध्यापक डफरे सर, नवधरे मैडम, कुबडे सर एवं अन्य गणमान्य ग्रामीणजनों की उपस्थिति में किया गया।

## उकवा में शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुआ ग्राम पंचायत सरपंच का उपचुनाव




**हरिभूमि न्यूज उकवा।** जनपद पंचायत परसवाड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत उकवा में 29 दिसंबर 2025 को सरपंच पद के लिए उपचुनाव भारी पुलिस बल की तैनाती में शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुआ । सरपंच पद के लिए चुनावी मैदान में चार प्रत्याशियों ने हिस्सा लिया जिसमें पूर्व सरपंच सुश्री अनुसुइया क्षत्रीया जिनका चुनाव चिन्ह था चश्मा दूसरी श्रीमती रामवती उईके प्रभारी सरपंच जिनका चुनाव चिन्ह फलों सहित नारियल का पेड़ तीसरी श्रीमती लक्ष्मी उईके जिनका चुनाव चिन्ह गिलास और चौथी श्रीमती समीरा भोयर जिनका चुनाव चिन्ह था हैंडपंप सरपंच पद के लिए आदिवासी महिला रिजर्व सीट के लिए चारो महिला प्रत्याशियों ने चुनावी मैदान में अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए मतदाताओं को तरह-तरह के विकास कार्य करने का आश्वासन दिया और प्रचार प्रसार में अपना पूरा दमखम लगा दिया सोमवार को सुबह 7:00 से मतदान शुरू किया गया जो की दोपहर 3:00 तक चला जिसमें मतदाताओं ने कुछ खास रूची नहीं दिखाई इसलिए मतदान करीब 59 प्रतिशत तक ही पहुंच पाया अब देखना यह है कि नव वर्ष की आने वाली 2 जनवरी 2026 को किसके हाथों में ग्राम पंचायत उकवा की कमाई आती है हालांकि ग्राम पंचायत उकवा के मतदाताओं की माने तो पूर्व सरपंच सुश्री अनुसुईया क्षत्रीया और वर्तमान सरपंच श्रीमती रामवती उइके के बीच कांटे की टक्कर होने की संभावना जताई जा रही है ।

### बाइक से टकराई जंगली सुअर, सरपंच घायल



**कटंगी।** सोमवार की शाम करीब साढ़े 06 बजे तिरोड़ी से साप्ताहिक बाजार से सब्जी की खरीददारी करने के बाद घर की तरफ लौटकर जा रहे सुकली सरपंच घनश्याम कुंजाम सड़क हादसे का शिकार हुए है। हादसा बाइक के सामने वन्य प्राणी जंगली सुअर के आने से हुआ है। सड़क हादसे के बाद खरपड़िया निवासी अरविंद सलामे और आशिफ खान ने उन्हें तत्काल नजदीक के तिरोड़ी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया। बाइक से फिसलकर गिरने से सरपंच के सिर पर चोट आई है फिलहाल खतरे की कोई बात नहीं होने की वजह से चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी भी दे दी। मिली जानकारी अनुसार सोमवार की शाम घनश्याम तिरोड़ी से अपने घर सुकली की तरफ लौट रहे थे तिरोड़ी और सीतापठोर के बीच अचानक से उनके बाइक के सामने जंगली सुअर आ गई जिस कारण वह बाइक सहित गिर पड़े और उनके सिर पर चोट आई है।

## आरंभा में किसान संगठन ने किया धरना-प्रदर्शन, समस्याओ को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

खैरलांजी मुख्यालय से करीब आठ किलोमीटर दूर ग्राम आरभां में 28 दिसंबर रविवार को किसानो की समस्याओ को लेकर किसान गर्जना संगठन के जिलाध्यक्ष रामकुमार नागपुरे के नेतृत्व एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया गया एंव दस सूत्रीय मांगो को लेकर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौपा गया। इस दौरान किसान गर्जना संगठन के पदाधिकारीयो एंव कृषको के द्वारा आरंभा के बाजार में सभा आयोजित की और कृषको की समस्याओ से अवगत कराया गया एंव सरकार से कृषको की समस्याओ का समाधान करने की मांग की गई। इस दौरान किसान गर्जना संगठन के जिलाध्यक्ष रामकुमार नागपुरे ने कृषको के हित में अनेक बाते रखी और कृषको की समस्याओ से अवगत कराया साथ ही अंचल की समस्याओ के प्रति आवाज उठाई।



।ज्ञापन के माध्यम से कृषको की समस्याओ को अवगत कराते हुए यह प्रमुख मांगें बतायी गई । वारासिवनी खैरलांजी क्षेत्र के अंचल में बंद हुए हेंड पम्प को सुधार जाए , घोटी पठान टोला ,सावरी टोला के बीच चंदन नदी पर स्टाफ डेम बनाए जाए।घोटी में हायर सेकंडरी खोला जाए। 60 वर्ष से अधिक उम्र की सभी महिलाओ को लाड़ली बहना योजना का लाभ दिया जाए। सरकार अपने चुनावी वादे के मुताबिक धान समर्थन मूल्य 3100 रूपए प्रति क्विंटल खरीदे ।किसानो की दशा सुधार हेतू किसानो को 20 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर बोनस दिया जाए। खरीफ सत्र 2025-26 की फसल बर्बादी को ध्यान में रखते हुए खरीफ ऋण माफ किया जाए सहित अन्य मांगे रखी गई। जो ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया।इस दौरान किसान गर्जना संगठन के जिलाध्यक्ष रामकुमार नागपुरे, ब्लॉक अध्यक्ष अशोक लिल्हारे , भारत सिंह शिवहरे, अजाब सिंह कृपगऐ, जनपद उपाध्यक्ष दुर्गाप्रसाद लिल्हारे भरत लाल बिसेन, डेविड सेलोकर एंव संगठन के अन्य पदाधिकारी सहित कृषक मौजूद रहे।

## कुम्हली की टीम ने जीता टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार



हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

विरांगना महारानी अंवतिबाई लोधी क्रिकेट कल्ब के तत्वावधान में भव्य ओपन ग्रामीण टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन आदर्श ग्राम कुम्हली में 27 दिंसबर से किया गया था । 29 दिंसबर को प्रतियोगिता का फाइनल मैच विरांगना रानी अंवतिबाई क्रिकेट कल्ब कुम्हली एंव एफसीसी क्रिकेट कल्ब कुम्हली की टीम के बीच खेला गया । जिसमें एफसीसी क्रिकेट कल्ब कुम्हली की टीम ने सात विकेट से मैच में जीत हासिल की। दोनो टीम एक ही ग्राम की थी । रोचक मुकाबले में खिलाड़ीयो के द्वार बेहतरीन प्रदर्शन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 7001 रुपए तथा द्वितीय पुरस्कार 4001 रुपए रखा गया था। इस दौरान पुरस्कार वितरण विजेता एंव उपविजेता टीम के कप्तान को क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी एंव जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मधु ऋषि शुक्ला तथा ग्राम सरपंच मंजुषा कुजांम सहित अन्य अतिथीगणो के हस्ते पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रतियोगिता के इस अवसर पर प्रमुख आतिथ्य के रूप में कटंगी खैरलांजी विधायक गौरव सिंह पारधी, जिला पंचायत सदस्य मधूऋषि शुक्ला, ग्राम सरपंच मंजुषा कुजांम, अभिषेक सेलोकर, रोशन लाल लिल्हारे उपाध्यक्ष ब्लॉक लोधी महासभा, युवराज बघेले महासचिव ब्लॉक लोधी महासभा, डेविड सेलोकर, सहित अन्य मौजूद रहे।

### 50 से अधिक ग्रामों का भ्रमण करते हुए पहुॅचेगी श्रीराम धाम रामपायली

## 4 जनवरी को 11 स्थानों से निकलेगी श्रीराम पद यात्रा

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी आगामी 4 जनवरी को वारासिवनी-कटंगी-लालबर्रा क्षेत्र के लगभग 50 से अधिक ग्रामों के श्रद्धालुगण पैदल श्रीराम पद यात्रा निकाल कर ग्राम रामपायली में स्थित प्रसिद्ध श्रीराम मंदिर पहुॅचेगे। यह प्रसिद्ध श्रीराम पदयात्रा प्रातः 7 बजे एक साथ सभी स्थानों से प्रारंभ होगी। जिसमें हजारों श्रद्धालुगण पैदल चलते हुए दोपहर 12 बजे तक रामपायली श्री राम मंदिर प्रांगण पहुंचेगे। जहां विशाल महाआरती का आयोजन किया जाएगा एवं सभी को भोजन रूपी प्रसाद ग्रहण कराया जायेगा।



इस आशय की जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक व राधा माधव सत्संग मंडल वारासिवनी के संचालक नीरज वर्मा ने बताया कि यह विशाल श्रीराम सेवा समिति के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने इस श्रीराम पद यात्रा के प्रारंभ होने वाले ग्रामों व जिन ग्रामों से श्रीराम यात्रा गुजरेगी, उसकी जानकारी देते हुए बताया कि यह श्रीराम पद यात्रा कटंगी जरामोहगॉव से निकल कर अंसेरा, पौनेरा, उमरवाड़ा, लालपुर, सिंगोड़ी, कटंगटोला होकर रामपायली, वारासिवनी से सिकन्द्रा, थानेगॉव, महदोली, देवगॉव, बिठली होकर रामपायली, लिंगमारा से कलारीटोला, लोधीटोला, मेंडक्की, झॉडगॉव, डोके, गर्रा, मोहगॉव होकर रामपायली, घोटी आरंभा से निकल कर नोनसा, चिचोली, बकोडी, मोहगॉव होकर रामपायली, भेंडारा से निकल कर डोंगरमाली, नवेगॉव 3, कोथुरना, पिपरिया, मोहगॉव होकर रामपायली, खैरलॉजी से निकल कर नवेगॉव,खरखड़ी, सोनझरा होकर रामपायली, हथौड़ा से सावरगॉव, मिरगपुर, गुडरुघाट, टेकाड़ीघाट, येरवाघाट, सालेबर्डी, दैतबर्रा, चिखलाबॉध, अमई कन्हारटोला होकर रामपायली, सावरी से चुटिया, फोगलटोला, खुरसीपार, अतरी हेटी, पिंडकेपार, खापा, सोनझरा होकर रामपायली, रमरमा से सिर्रा, बोटेझरी, बुदबुदा, धानीटोला, हुडक्कीटोला, बोदलकसा, बासी, बकेरा, बघोली, सिंगोड़ी से रामपायली, महकेपार से दिगवा, आंजनबिहरी, बम्हनी, बोनकट्टा, गुडरुघाट, मिरगपुर होकर रामपायली एवं लालबर्रा से बघोली, साल्दे, चिचगॉव, आवल्याकनार से लालबर्रा मार्ग होकर वारासिवनी से रामपायली पहुॅचेगी।

विदित हो कि यह आयोजन विगत 11 वर्षो से श्री राम सेवा समिति द्वारा किया जा रहा हैं। यह कार्यक्रम जिले में ही नहीं मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र प्रदेशों में विख्यात है और इसकी ख्याति दूर-दूर तक प्रख्यात हो रही है। इस विशाल आयोजन का उद्देश्य प्लास्टिक मुक्त भारत बने, स्वदेशी वस्तुओं का चलन, बड़े एवं धार्मिक, मानसिक, आध्यात्मिक आस्थाओं का निर्माण हो, मनभावन झांकियां एवं ग्रामीण हाट बाजार, ग्राम उद्योग विकास, सामाजिक समरसता के दर्शन, गौ आधारित जीवन का मूल उद्देश्य इस कार्यक्रम में समायोजित हैं।

### हादसे के इंतजार में प्रशासन, हिदायत नहीं मिलने से चरमराई व्यवस्था

## बैंकों के पास नहीं है पार्किंग की व्यवस्था, सड़कों पर लग रहा लंबा जाम

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** धर्मनगरी लांजी में बैंक शाखा कार्यालयों के सामने वाहनों का जमावड़ा रहने से दिन में कई बार जाम के हालात बन रहे हैं। वाहनों के लिए पार्किंग व्यवस्था न होने से उपभोक्ताओं द्वारा सड़क पर गाडियां खड़ी जा रही हैं। ऐसे में सड़क से कामकाज के सिलसिले में प्रतिदिन बड़ी संख्या में उपभोक्ता पहुंचते हैं और इनके द्वारा अपने वाहन सड़क पर खड़े कर दिए जाते हैं। राहगीरों को भिलाई मार्ग स्थित एसबीआई एवं महाराष्ट्र बैंक, सालेटेकरी मार्ग सेंट्रल बैंक पर सबसे ज्यादा परेशान होना पड़ता है। यहां सड़कों पर ही लोग अपने वाहन खड़े कर देते हैं जिससे आए दिन परेशानियां खड़ी होती हैं। लोग सड़क पर वाहन खड़े कर बैंक शाखा में घुस जाते हैं जहां से कामकाज निपटने के बाद ही बाहर निकलते हैं। ऐसे में बैंक के बाहर मुख्य मार्ग पर जाम के हालात बनते रहते हैं। अन्य बैंक शाखाओं के प्रबंधन द्वारा तो पार्किंग की व्यवस्था कराई ही नहीं गई है। इनके अलावा नगर के दुकानदारों के पास भी पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से अन्य मार्गो पर भी जाम के हालात बने हुए है, बावजूद इसके पुलिस प्रशासन का कोई ध्यान इन पर नहीं है।




**गाड़ी चोरी होने की बनी रहती है आशंकाः** बैंकिंग कार्य के सिलसिले आए दिन बैंक शाखा में उपभोक्ताओं का आना जाना होता है लेकिन वाहन पार्किंग नहीं होने से गाड़ी चोरी होने आशंका रहती है। पार्किंग की व्यवस्था कराने की जिम्मेदारी बैंक प्रबंधन की है। इसके बाद भी प्रबंधन द्वारा बैंक के बाहर वाहन पार्किंग की व्यवस्था नहीं कराई जा रही है। धर्मनगरी लांजी से दर्जनों ग्राम के सैकड़ों लोग रोजाना बैंक में अपने कार्यों को लेकर पहुंचते है जिनके द्वारा पार्किंग नहीं होने के कारण बैंक परिसर के सामने और रोड पर वाहन खड़े करके घंटो तक बैंक में रहा जाता है इस दौरान कोई उनके वाहन पर हाथ साफ कर दे इससे इंकार नहीं किया जा सकता।

**अतिक्रमण और खड़ी गाडियों से सिकुड़ जाती है रोडः** उपभोक्ताओं का कहना है की बैंक परिसरों खासकर एसबीआई बैंक के आसपा इतना ज्यादा अतिक्रमण फैल चुका है जिससे यहां वाहन पार्किंग के लिये कोई स्थान ही नहीं है जिससे उन्हें रोड पर गाड़ी खड़ी रखने की मजबूरी है। बैंकों के सामने सड़क काफ ी चौड़ी हैं। लेकिन बैंक में आने वाले लोग अपने वाहनों को सड़क पर खड़ा कर देते हैं। इसके बाद सड़क सिकुड़ी नजर आती हैं। दोपहर में स्थिति यह हो जाती है कि गाड़ी रखने जाने और दुकानों का सामान सड़कों पर आने के कारण गलियां सिकुड़ जाती हैं। स्थानीय लोगों का कहना है की बैंकों को चाहिए कि पार्किंग व्यवस्था के लिए किसी तरह के प्रयास किए जाएं जिससे बैंक आने वाले ग्राहक सहित सड़क से निकलने वाले लोग परेशान न हों।

**खबर संक्षेप**

### पति पत्नी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सिवनी।** कोतवाली पुलिस ने सट्टा एक्ट के 1 प्रकरण में फरार चल रहे अभियुक्त गिरफ्तारी वारंट की वारंटी लता बाई कल्हाडे पति धनीराम कुल्हाडे निवासी दलसागर के पास भगतसिंह वार्ड थाना कोतवाली जिला सिवनी एवं उसके पति धनीराम कुल्हाडे पिता टेकचंद कुल्हाडे निवासी दलसागर के पास भगतसिंह वार्ड थाना कोतवाली जिला सिवनी को दिनांक 27/11/2025 को उसकी सकुनत से गिरफ्तार कर दिनांक 28/12/2025 को न्यायालय पेश किया गया जहां से माननीय न्यायालय द्वारा उक्त दोनों वारंटियों को जेल भेजा गया है।

गिरफ्तार वारंटी- लता बाई कल्हाडे पति धनीराम कुल्हाडे निवासी दलसागर के पास भगतसिंह वार्ड थाना कोतवाली जिला सिवनी। धनीराम कुल्हाडे पिता टेकचंद कुल्हाडे निवासी दलसागर के पास भगतसिंह वार्ड थाना कोतवाली जिला सिवनी।

# मूलचंद के घर में लगी आग गृहस्थी का सामान जलकर खाक



**सिवनी।** विकासखंड केवलारी के अंतर्गत ग्राम पंचायत पांजरा में मंगलवार को दोपहर लगभग 1.30 बजे शॉर्ट सर्किट से घर में आग लग गई। आग लगने से गांव में अफरा तफरी का माहौल बन गया। वहीं गृहस्थी का सामान पूरी तरह से जल गया। आसपास के लोगों ने किसी तरह से आग पर काबू पाया वहीं केवलारी से फायर ब्रिगेड वाहन भी पहुंचा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पांजरा गांव निवासी मूलचंद दुबे पिता स्वर्गीय श्री मनराखन दुबे के घर में मंगलवार को दोपहर शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग लगने से घर में रखा गृहस्थी का सामान धू-धू कर जलने लगा। वही आग की लपटे व धुंवा जब छत से बाहर निकाला तब आसपास के लोगों ने घर को जलते देखा। वे आग बुझाने अपने-अपने प्रयासों से जुट गए।वहीं इसकी सूचना उन्होंने फायर ब्रिगेड को दी।

# कलेक्टर एवं एसपी द्वारा किया गया एफएलएन मेला का अवलोकन

**राज्य शिक्षा केन्द्र का पत्र क्रमांक 3482 दिनांक 11/07/2025 एवं पत्र क्रमांक 2967 दिनांक 26/12/2025 के अनुसार जिले की 2029 शासकीय प्राथमिक शालाओं में एफएलएन मेले का आयोजन किया गया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



कलेक्टर के निर्देशानुसार समस्ति जिला एवं विकासखण्ड् स्तारीय अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा एफएलएन मेला के अवलोकन एवं बच्चों , माताओ/अभिभावकों के उत्साह्वर्धन किये जाने हेतु आवंटित विद्यालय में सहभागिता की गई। कलेक्टर महोदय श्रीमती शीतला पटले एवं पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के द्वारा विकासखण्ड छपारा के एक परिसर एक शाला सादक सिवनी एवं विकासखण्ड लखनादौन के शासकीय प्राथमिक शाला सहजपुरी का संयुक्त रूप से अवलोकन किया गया।

एफएलएन मेला के अवलोकन के दौरान कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक महोदय बच्चों, माताओं, अभिभावकों से रूबरू होकर बच्चों का उत्साह्वर्धन किया। बच्चों से उनके भविष्य से भेंट कार्यक्रम अंतर्गत प्रश्न पूछें गये। बच्चों के द्वारा अपने भविष्या को लेकर सकारात्मिक उत्तोर दिये गये। शासकीय प्राथमिक शाला सहजपुरी में बच्चौं की बेहतर समझ एवं शैक्षिक गुणवत्तो को लेकर कलेक्ट र एवं पुलिस अधीक्षक महोदय के द्वारा प्रसन्नपता व्य क्तच की गई।

एफएलएन मेले में समस्त बच्चों , अभिभावकों, माताओं, आंगनवाडी के बच्चो एवं आंगनवाडी कार्यकर्ता के द्वारा सक्रिय सहभागिता की गई। एफएलएन मेले में बच्चों से मानसिक एवं शारीरिक विकास से संबंधित शैक्षिक एवं सह शैक्षिक गतिविधियां कराई जाकर रिपोर्ट कार्ड शिक्षकों के द्वारा तैयार किये गये। रिपोर्ट कार्ड के माध्यम से प्रत्येक बच्चेक के अभिभावक/माता को बच्चे की शैक्षिक उपलब्धि से अवगत कराया गया।

# विद्युत विभाग के केवलारी वितरण केन्द्र में सिवनी संभाग का पहला 10 एम वी ए पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ केवलारी।

मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के सिवनी संभाग के केवलारी वितरण केन्द्र अंतर्गत रायखेड़ा 33/11 के व्ही उपकेंद्र में 10 एम वी ए का पावर ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया जिससे उपकेंद्र से संबंधित छिन्दा, सुनहरा, अहरवाड़ा सहित सभी 45 ग्रामों में कम वोल्टेज की समस्या से निजात मिलेगा साथ ही सुचारू रूप से सतत विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। अधीक्षण अभियंता (सं/सं) सिवनी प्रमोद कुमार गेडाम, कार्यपालन अभियंता(सं/सं) सिवनी सुभाष राय व कार्यपालन अभियंता (एस टी एम एस टी सी) ओम प्रकाश सोनी के मार्गदर्शन में सहायक अभियंता आशीष बघेल व सहायक अभियंता केवलारी शशांक चौरसिया के प्रबन्धन में 10 एम वी ए पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया जिससे घरेलू फीडर की विद्युत आपूर्ति 24 घंटे और कृषि फीडर की विद्युत आपूर्ति 10 घण्टे निरंतर रूप से प्रदान की जाएगी।

कनिष्ठ अभियंता केवलारी नीलेश तिवारी द्वारा बताया गया कि केवलारी वितरण केन्द्र में सतत विद्युत आपूर्ति के साथ उच्च गुणवत्ता युक्त उपभोक्ताओं की सेवा प्रदान करने के लिए हम प्रतिबद्ध है जिसके अंतर्गत आर. डी. एस. एस योजना में आधारभूत संरचना सुधार किया जा रहा है जिसके अंतर्गत शत प्रतिशत स्मार्ट मीटर स्थापित किए जा चुके हैं साथ ही घरेलू फीडर और कृषि फीडर अलग अलग करने का कार्य तेजी से चल रहा है एवं जहां खुले तार है वहां पर्याप्त मात्रा की केबल लगाने का कार्य भी होना है , पावर ट्रांसफार्मर व वितरण ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि की जा रही है जिससे उपभोक्ताओं को मानक स्तर का वोल्टेज के साथ सतत विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

# लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष पेंशन शिविर का आयोजन 31 दिसम्बर तक

**सिवनी**/ जिला पेंशन अधिकारी सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि माह दिसम्बर 2025 में लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष पेंशन शिविर का आयोजन दिनांक 29 दिसम्बर 2025 से 31 दिसम्बर 2025 तक जिला पेंशन कार्यालय सिवनी में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शिविर में दिनांक 30 नवम्बर 2025 तक सेवानिवृत्त एवं मृत शासकीय सेवकों के लंबित पेंशन प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। संबंधित कार्यालयों को निर्देशित किया गया है कि उनके यहां लंबित सभी पेंशन प्रकरण, संलग्न सूची के अनुसार, शिविर अवधि में अनिवार्य रूप से जिला पेंशन कार्यालय में जमा कराए जाऐं, साथ ही यह भी निर्देश दिए गए हैं कि पेंशन प्रकरणों के त्वरित निराकरण हेतु संबंधित कार्यालयों के प्रभारी लिपिक शिविर अवधि में जिला पेंशन कार्यालय में उपस्थित रहकर कार्य करें। उन्होंने शिविर अवधि में यदि किसी कार्यालय द्वारा लंबित पेंशन प्रकरण प्रस्तुत नहीं किए जाते हैं, तो संबंधित कार्यालय प्रमुख एवं संबंधित लिपिक का माह दिसम्बर 2025 का वेतन रोके जाने की कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

# विधायक दिनेश राय मुनमुन ने किया जनसुनवाई

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मंगलवार, दिनांक 30/12/2025 को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने अपने बारापत्थर स्थित कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई मे अनेकों आवेदनों पर सुनवाई कर समस्याओं का निराकरण किये जाने निर्देश दिया। आज प्रातः 11 बजे विधायक दिनेश राय मुनमुन जी द्वारा अपने कार्यालय मे आयोजित जनसुनवाई आरंभ की गयी। इस जनसुनवाई में विधानसभा क्षेत्र के दूर-दराज से आए नागरिकों द्वारा अपनी व्यक्तिगत और सार्वजनिक समस्याओं से संबंधित अनेकों आवेदन प्रस्तुत किये गये। जिसमें विधायक श्री दिनेश मुनमुन जी ने प्रत्येक आवेदकों की बात को गंभीरता से सुना और संबंधित



अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जनता की सेवा ही हमारा मुख्य ध्येय है समस्याओं का शीघ्र और प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

इस दौरान छपारा नगर से पधारे श्री दिगम्बर जैन पंचायत सभा श्रीमद् जिनेन्द्र पंच कल्याणक महामहोत्सव समिति के पदाधिकारियों ने विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी से मुलाकात कर आगामी 14 जनवरी से 20 जनवरी तक आयोजित श्री 1008 मज्जिनेंद्र पंचकल्याणक प्रतिष्ठा गजरथ महामहोत्सव (विश्व शांति महायज्ञ) कार्यक्रम हेतु आमंत्रण पत्रिका भेंट किया।

### कोठियां में श्री राम कथा का आयोजन 3 से 11 जनवरी को समापन

बंडोल। विकास खंड सिवनी अंतर्गत बंडोल के समीपस्थ ग्राम कोठियां (दिघौरी) गुरुधाम में बिहिरिया रोड स्थित श्री महावीर हनुमान मंदिर में 3 जनवरी से 11 जनवरी दोपहर 01 बजे से शाम 05.30 बजे तक श्री राम कथा का आयोजन किया गया है जिसमें कथावाचक पंडित निलेश शास्त्री जी द्वारा श्री राम कथा सुनाई जाएगी 11 जनवरी को हवन एवं महाप्रसाद के बाद कथा का समापन होगा आयोजन समिति ने समस्त श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

# पेंच टाईगर रिजर्व क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था को लेकर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दिनांक 01.01.2026 को नये वर्ष का पर्व मनाया जाना है। अनुविभाग कुरई अंतर्गत पेंच राष्ट्रीय उद्यान, कोरजोन एवं बफर जोन एवं चिह्निन्त ईको सिन्सेटिव जोन अतिसंवेदनशील वन्य प्राणी बाहुल्य क्षेत्र के अंतर्गत आता है। वन्यप्राणियों के दैनिक क्रियाकलाप एवं मानसिक संतुलन पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े एवं यहां के आमजन की दैनिक गतिविधिया आसपास लोगों तथा विदेश से आये सैलानियों को कोई असुविधा या समस्या न हो को दृष्टिगत रखते हुए यह आवश्यक है कि, संरक्षित क्षेत्र के समीप स्थापित होटल/लॉज/ रिसोर्ट में वैवाहिक कार्यक्रम, जुलूस रैली, धरना प्रदर्शन, खेल प्रतियोगिता, पटाखे, पार्टी, टीव्ही, एल.सी.डी. या चलित वाहन आदि में तीव्र ध्वनि विस्तार यत्रो को संचालन को नियंत्रित किया जाना एवं उक्त अवधि के दौरान कानून एवं शाति व्यवस्था, लोक तथा सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो, जिससे लोक परिशांति भंग होने या लोकजन के मध्य




विवाद की स्थिति निर्मित होने की संभावना उत्पन्न न होवें। अतः पेंच राष्ट्रीय उद्यान, कोरजोन एवं बफरजोन तथा चिह्निन्त ईको सिन्सेटिव जोन, अतिसंवेदनशील वन्यप्राणी बाहुल्य क्षेत्र को दृष्टिगत रखते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत संरक्षित क्षेत्र के समीप वैवाहिक कार्यक्रम, जुलूस, रैली, धरना प्रदर्शन, खेल प्रतियोगिता, पटाखें, पार्टी, टीव्ही, एल.सी.डी. या चलित वाहन आदि में ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग आज दिनांक 29.12.2025 शाम 05 बजे से दिनांक 05.01.2026 शाम 05 बजे तक पूर्णः प्रतिबंधित किया जाता है। यह आदेश तत्काल प्रसारित किया जाना आवश्यक है ऐसी स्थिति में सभी संबंधित व्यक्तियों को सुना जाना संभव नहीं न ही मेरे समक्ष ऐसी परिस्थितिया है जिससे उक्त आदेश सम्यक रूप से व्यक्तिशः तामिल कराया जा सके अतः भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (2) के अतर्गत यह आदेश एकपक्षीय पारित किया जाता है। उक्त आदेश तत्काल प्रभावशील होगा। साथ ही इस अवधि के दौरान उक्त क्षेत्र में सडक़ पर / जंगल/नदी के समीप किसी भी प्रकार की अनाधिकृत गतिविधि/उपद्रव/पार्टी / शराब पीकर गाड़ी चलाने / 10 से अधिक व्यक्तियों को जमावड़ा पाये जाने अथवा किसी भी प्रकार की गतिविधि जिससे आमजन तथा सैलानियों को असुविधा/समस्या हो अथवा वन प्राणियों दैनिक क्रियाकलाप पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े अथवा किसी भी प्रकार से कानून एवं शांति व्यवस्था को बाधित किया जाता है तो भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी।

# सोपान जांच शिविर 31 जनवरी से 4 जनवरी तक आयोजित

**सिवनी।** सोपान जांच शिविर 31 जनवरी से 4 जनवरी तक सिवनी में आयोजित भारत स्काउट गाइड राज्य मुख्यालय के निर्देशानुसार तथा संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर संभाग के आदेश अनुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी शिव सिंह कुमरे के मार्गदर्शन में दिनांक 31 दिसंबर 2020 से 4 जनवरी 2026 तक सिवनी जिले के सेंट फ्रांसिस विद्यालय लुघरवाडा सिवनी में संभाग स्तरीय तृतीय सोपान जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिला स्काउटर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस शिविर में सहभागिता करने वाले सभी स्काउट गाइड जिन्होंने द्वितीय सोपान सफलता पूर्ण कर लिया है।

इस शिविर में शामिल होंगे इस शिविर में सफल होने के पश्चात जिले के यह स्काउट गाइड आगामी 6 माह के पश्चात राज्यपाल पुरस्कार हेतु पात्र होंगे उनके इस सफ़लता से विद्यालय के साथ जिला भी गौरवान्वित होगा इस हेतु सिवनी बरघाट के केवलारी विकासखंड के सभी शासकीय तथा अशासकीय विद्यालयों को जिला अधिकारी कार्यालय द्वारा पत्र के माध्यम से स्काउट गाइड को इस शिविर में अनिवार्य रुप से शामिल करने हेतु निर्देशित किया गया है। जबलपुर संभाग के अंतर्गत सिवनी मंडला जबलपुर कटनी के स्काउट गाइड अपनी सहभागिता प्रदान करेंगे सफल आयोजन हेतु जिले के समस्त शासकीय तथा शासकीय विद्यालयों के संस्था प्रमुख से इस शिविर में अनिवार्य रूप से शामिल कराने का अनुरोध एल टी स्काउट विजय शुक्ला द्वारा की गई है इस शिविर की समापन पूर्ण संध्या दिनांक 3 जनवरी 2026 को शाम 5 बजे आयोजित की जाएगी।

# गोवंश हत्या का मामला आया सामने रामकुमार और राजकुमार गिरफ्तार

**छपारा** : थाना क्षेत्र अंतर्गत बर्रा गांव में गोवंश की हत्या का मामला सामने आया है. इस मामले में छपारा पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है जिसमें एक आरोपी रामकुमार अहिरवार निवासी गणेशगंज थाना लखनादौन और राजकुमार अहिरवार निवासी सादक सिवनी है जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर दिया है। जानकारी के मुताबिक घटना सोमवार करीब शाम 7 बजे की है सूचना मिलते ही थाना प्रभारी दलबल के साथ पहुंचे और मौके से आरोपी और को वंश के अवशेष और औजार जप्त कर लिए और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। वहीं इस घटना को लेकर बजरंग दल के कार्यकर्ता और ग्रामीण थाना पहुंचे और इस घटना को लेकर




आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है. ज्ञात हो कि यह घटना केवलारी विधानसभा के विधायक ठाकुर रजनीश सिंह के गृह ग्राम बर्रा की है. जिस पर उनकी भी प्रतिक्रिया इस मामले पर सामने आई है उन्होंने कहा कि इस घटना के संबंध पर तत्काल उन्होंने फोन पर सिवनी के पुलिस अधीक्षक से बात की और इस पर सख्त से सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की है. और उन्होंने कहा इस मामले को लेकर वह पुलिस अधीक्षक से भी मिलने जा रहे हैं.वही छपारा पुलिस ने इस कार्यवाही पर तत्परता दिखाते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। वहीं इस घटना को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ थाना पहुंचे बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद के दिनेश ठाकुर ने आरोपियों पर सख्त कार्रवाई और रासुका लगाए जाने की मांग की है प्रशासन अगर सख्त कार्रवाई इन पर नहीं करता है तो आगे उग्र आंदोलन किए जाने की चेतावनी दी है उसके साथ ही उन्होंने मांग की है कि अन्य जो भी आरोपी इस मामले में शामिल है उन पर भी कार्रवाई की जाए।

## कोई युवा छूट न जाए, हर युवा कॉलेज में आये

# गाँव, कस्बों और शहर में कॉलेज चलो अभियान की धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

प्रदेश के युवाओं में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने और युवाओं को कॉलेज शिक्षा से जोडऩे के लिए मध्य प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार पीएम कॉलेज आफ एक्सीलेंस की टीम गाँव, कस्बों और शहर में व्यापक भ्रमण कर कॉलेज चलो अभियान की धूम मचा रही है. मध्यप्रदेश में हर साल कॉलेजों में प्रवेश देने के पहले हायर सेकेंडरी स्कूलों में कॉलेज चलो अभियान चलाया जाता है। ग्रामवासियों ने बताया कि दोपहर के समय मूलचंद दुबे के घर में कोई नहीं था। घर के सभी लोग कृषि कार्य के लिए घर से बाहर गए हुए थे। आग लगने की सूचना मूलचंद दुबे को भी दी




गई। यह खबर सुनते ही वे तत्काल घर पहुंचे। जहां घर में रखा गृहस्थी का सामान, अनाज गल्ला, फ्रिज, मिक्सी, बर्तन, कपड़े अन्य सामान भी जलकर राख हो गए।

ग्रामवासियों ने अपनी एकजुटता दिखाते हुए आग को बुझाने में भरसक प्रयास किया। जिससे आग पर काबू पाया जा सका। वही फायर ब्रिगेड वाहन जब पहुंचा तब तक आग पर पूरी तरह से ग्रामवासियों ने अपने घरों में रखा पानी डालकर आग पर काबू पा लिया था।

**आक्शन प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट महामुकाबले का सातवां दिन**

# पत्रकार टाईगर्स ने 8 विकेट से जीता अपना दूसरा मुकाबला

### दूसरे मैच में दीपेश बने मैन ऑफ द मैच तो प्रकाश को मिली पहली हेट्रिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



सिवनी-बालाघाट मार्ग पर डूंडा सिवनी के एमसीजी मैदान में चल रही डीएसओपीएल 2025 जहां ओपन और वेटरन वर्ग क्रिकेट टूर्नामेंट अपने चरम पर है। नगर इस ऐतिहासिक मैदान में खेले जा रहे मैचों की श्रृंखला में सातवें दिन वैटरन वर्ग का पहला मैच डीएस 11 और पत्रकार टाईगर्स के बीच खेला गया। पत्रकार टाईगर्स के विजय रही एमसीजी मैदान में खेले जा रहे डीएसओपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट को गौतम डिजिटल यूट्यूब के माध्यम से सभी को तथा स्थान घरों तक लाइव प्रसारण दिखा जा रहा है और उनका सहयोग संगम डीजे के मालिक बाबू खान और उनकी पूरी टीम कर रही है एमसीजी कमेटी डूंडा सिवनी के सभी पदाधिकारी प्रतिदिन मैचों का आनंद लेने आ रहे दर्शकों एंव खिलाडिय़ों का आभार व्यक्त करती है और वहीं अपना अमूल्य समय निकालकर मैचों का आनंद लेने खिलाडिय़ों में उत्साह प्रदान करने पहुंच रहे गणमान्य नागरिकों में इरफान पटेल अरुण यादव, नन्दन श्रीवात्री, नफीस खान, गन्नू माना ठाकुर, अनिल जायसवाल, आसिफ पटेल, शोएब खान, आसिफ लाल, संजय ठाकरे, भीम भैया, कुलदीप अग्रवाल, आशीष टिंकू ठाकरे, अयोध्या विश्वकर्मा, वाहिद खान, सुशील ठाकुर, सतीश चिंटोले ने इस क्रिकेट टूर्नामेंट की सराहना करते हुए डीएसओपीएल क्रिकेट प्रीमियर जो कि शहर में पहली बार ऑक्शन के माध्यम से क्रिकेट प्रेमियों में उत्साह उमंग और खुशी की लहर दौड़ा रही है वहीं दर्शकों में प्रसन्नता झलक रही है। एमसीजी कमेटी के महत्वपूर्ण सदस्य अरविंद राय, आरिफ खान, रवि कटरे, डॉ नितिन कटरे, विक्रांत पांडे, नीलू वंशकार, देवी सिंह, यूके, अनूप मिश्रा, आतिफ खान, महेंद्र जाटा, राकेश यादव, एडवोकेट सतीश यादव, बृजेश मालवीय, नीलू वंशकार, जय ठाकुर, रहीम खान, बृजेश मालवीय, बल्लू टाइगर सहित सभी एमसीजी टीम और कमेटी के सभी सदस्य उपस्थित रहकर इस आयोजन को भरपूर सहयोग करते हुए सफल बना रहे हैं।

### सिवनी में बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक का भव्य स्वागत

**सिवनी।** महाकौशल प्रांत के सिवनी विभाग में बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक आदरणीय किशन प्रजापत भाईसाहब तथा क्षेत्रीय संयोजक विश्ववर्धन भट्ट भाईसाहब (राजस्थान-पाली / ग्वालियर) का आगमन बजरंगियों के लिए अत्यंत गौरव एवं हर्ष का विषय रहा। इस अवसर पर लखनादौन जिले के धूमा नगर, लखनादौन, छपारा एवं सिवनी नगर में कार्यकर्ताओं द्वारा उनका भव्य, जोशीला और अनुशासित स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय संयोजक किशन प्रजापत ने संगठनात्मक मजबूती पर विशेष जोर देते हुए बजरंग दल की भूमिका, कार्यशैली और भविष्य की रणनीतियों पर विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने अपने संबोधन में लव जिहाद, लैंड जिहाद तथा हिंदुत्व से जुड़े ज्वलंत मुद्दों पर खुलकर चर्चा की और कार्यकर्ताओं से समाज में जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र और समाज की सुरक्षा केवल कानून से नहीं, बल्कि संगठित, जागरूक और सजग समाज से संभव है। बजरंग दल का प्रत्येक कार्यकर्ता समाज में संस्कार, सुरक्षा और सेवा का संदेश लेकर कार्य करे यही संगठन की वास्तविक शक्ति है।

# कलेक्टर ने राहवीर योजना का प्रचार-प्रसार करने के दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर सी.एल. चनाप, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडायत, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सिवनी श्रीमती पूर्वी तिवारी सहित समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। खंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में जुड़े। बैठक में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने समय-सीमा में दर्ज विभिन्न बिंदुओ, सीएम हेल्प लाइन, जनसुनवाई के प्रकरणों सहित हितग्राहीमूलक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने सीएम कार्यालय, जनप्रतिनिधियों से प्राप्त शिकायतों तथा वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त पत्रों की विभागवार समीक्षा कर प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण एवं समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने विभागवार न्यायालयीन प्रकरणों की भी समीक्षा कर संबंधित विभाग प्रमुखों को सभी लंबित प्रकरणों में जवाब दावा प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर श्रीमती पटले ने विभागवार लंबित समय-सीमा में दर्ज प्रकरणों की भी विस्तृत समीक्षा की तथा सीधे कार्यालय प्रमुखों से चर्चा कर प्रकरणों के लंबित रहने के कारणों को जाना। उन्होंने निर्देशित किया कि समय-सीमा में दर्ज होने वाले प्रत्येक प्रकरण का निराकरण नियमानुसार समय-सीमा में किया जाए। उन्होंने सभी लंबित प्रकरणों के एक सप्ताह के भीतर निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये हैं।

बैठक में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने खाद एवं बीज भंडारण की स्थिति की भी विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने किसानों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए सभी केन्द्रों में सभी जरूरी व्यवस्थाओं के साथ ही पर्याप्त भंडारण एवं सुगम वितरण की व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने केन्द्रों में पहुंचने वाले किसानों को समयवार टोकन उपलब्ध कराने के निर्देश दिये ताकि सुगम वितरण हो सके।

कलेक्टर श्रीमती पटले ने धान उपार्जन की प्रगति की समीक्षा कर केन्द्रों से उपार्जित धान के त्वरित उठाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश जिला आपूर्ति अधिकारी को दिये हैं। उन्होंने अनुबंधित परिवहनकर्ताओं के माध्यम से वाहन संख्या बढाकर उठाव की गति में तेजी लाने के लिए निर्देशित किया है साथ ही जिला परिवहन अधिकारी को भी अतिरिक्त वाहनों के अधिग्रहण के लिए निर्देशित किया है। कलेक्टर श्रीमती पटले ने जिला परिवहन अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सडक़ दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को समय में चिकित्सालय पहुंचाने तथा त्वरित उपचार की व्यवस्था के लिए शासन की राहवीर योजना का प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर श्रीमती पटले ने जिले में प्राकृतिक खेती को बढावा देने, उत्पादक कृषकों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य दिलाकर प्रोत्साहित करने के लिए बायर-सेलर मीट जैसी गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश कृषि विभाग के अधिकारियों को दिये हैं।

### गुणवत्ता ने नाम पर राशि मांगने का आरोप

## खापा केप में सर्वेयर की मनमानी से धान प्रभारी परेशान

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

संपूर्ण बालाघाट जिले में इस समय समर्थन मूल्य पर धान खरीदी जोरो पर चल रही हैं। शासन - प्रशासन के द्वारा 185 केन्द्र बनाये गए है। वारासिवनी स्थित खापा केप में अधिकांश धान खरीदी केन्द्र की धान परिवहन के माध्यम से पहुंच रही हैं। लांजी, किरनापुर, वारासिवनी, खैरलांजी तथा अन्य धान प्रभारियों ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि खापा केप में पदस्थ सर्वेयर मिलिंद नगपुरे के द्वारा खापा केप पहुंच रहे ट्रक में किसानों की उपज को गुणवत्ताहीन कहकर रिजेक्ट कर दी जाती हैं तथा संबंधित धान प्रभारी को फोन कर बताया जाता हैं कि आपके द्वारा केन्द्र से पहुंचाई हुई, धान की फसल गुणवत्ताहीन है। इसे स्वीकार नही किया जा सकता। धान खरीदी कर



रहे प्रभारी 60 से 70 किलोमीटर की दूरी 2 पहिया वाहन से तय करते हुए भीषण ठंड में खापा केप पहुंचता हैं। वहां पर सर्वेयर के द्वारा गुणवत्ता के नाम पर प्रभारियों से अवैध रूप से धन की मांग की जाती हैं। सर्वेयर की मनोकामना पूर्ण होते ही गुणवत्ताहीन उपज क्वालिटी फूल हो जाती हैं, सर्वेयर के मापदण्ड में बराबर बैठ जाती हैं। धान की छल्ली लगा दी जाती हैं। सर्वेयर के तानाशाही रवैये से धान प्रभारियों में आक्रोश पनप रहा हैं। शासन-प्रशासन से धान प्रभारियों ने उपरोक्त सर्वेयर के विरूद्ध जांच कर केप से हटाने की मांग की हैं।

### खरीदी केन्द्र में सर्वेयर की नियुक्त करें प्रशासन- धान प्रभारी

जिले में चल रही धान खरीदी केन्द्र के प्रभारियों ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि हम लोग गांव के स्थानीय निवासी हैं। हमारे केन्द्रों में ग्रामीणों के द्वारा बिक्री करने के लिए अपनी उपज लाई जाती हैं। शासन प्रशासन की गाईडलाईन के अनुसार हमारे द्वारा किसानों से धान खरीदी की जाती हैं। किसानों से केन्द्र में धान का ढेर लगाकर तथा किसानों से धान को साफ कराकर हमारे द्वारा खरीदी की जाती हैं, किन्तु खापा केप में सर्वेयर के द्वारा गुणवत्ता के नाम पर उपज को रिजेक्त किया जाता हैं। ऐसी परिस्थिति में हमें 60 से 70 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए उपरोक्त केप में पहुंचना पड़ता हैं, हम शासन प्रशासन से मांग करते हैं कि खरीदी केन्द्रों में सर्वेयर की नियुक्ति किया जाए ताकि सर्वेयर खुद ही केन्द्रों पर तय करे, कौन सी उपज गुणवत्ता वाली हैं, उसे ही खरीदा जाए। गुणवत्ताहीन उपज को केन्द्र में ही रिजेक्त कर किसान गो बेक कर दिया जाए। अगर हमारे द्वारा किसान की उपज रिजेक्ट की जाती है तो स्थानीय कृषक हमसे वाद विवाद कर खरीदी को प्रभावित कर सकता हैं। खरीदी केन्द्रों में किसी प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था भी नहीं हैं।

### इनका कहना हैं



खापा केप में सर्वेयर के द्वारा अनुचित मांग की शिकायत प्राप्त हो रही है। मेरे द्वारा संबंधित विभाग को अवगत करा दिया गया है, शीघ्र ही उपरोक्त सर्वेयर को केप से हटा कर अन्यत्र स्थानांतरित किया जाएगा।

**गौरव पारधी**
**विधायक, कटंगी**

## भाजपा नगर मंडल महामंत्री के खिलाफ एफआईआर दर्ज

### आक्रोशित पंवार समाज ने निकाली रैली, पुलिस थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

### सर्व समाज के खिलाफ कथित रूप से वाट्सएप ग्रुप में अभद्र टिप्पणी करने का मामला



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** भाजपा नगर मंडल वारासिवनी के महामंत्री सुनील पिपरेवार द्वारा तथाकथित रुप से पंवार समाज व सर्व समाज के पूर्व व वर्तमान जनप्रतिनिधियों और पंवार समाज के आदर्श राजा भोज पर की गई अभद्र व अशोभनीय टिप्पणी से आक्रोशित पंवार समाज के नेताओं व जनप्रतिनिधियों ने मंगलवार को पुलिस थाना वारासिवनी में पहुँच कर एक लिखित शिकायत एसडीओपी अभिषेक चौधरी को देकर विधि सम्मत कार्यवाही करने की मॉग की। जिसके बाद पुलिस ने भारतीय न्याय संहित 2023 की धारा 353(1)(सी) के तहत सुनील पिपरेवार के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

विदित हो कि गत 27 दिसम्बर की रात्रि में भाजपा नगर मंडल वारासिवनी के महामंत्री सुनील पिपरेवार ने बिना किसी समाज व व्यक्ति का नाम लिखे एक पोस्ट सोशल मीडिया के वाट्सअप गुरप में लिखी थी। जिसमें उन्होंने एक विशेष वर्ग के जनप्रतिनिधियों द्वारा बालाघाट जिले को बर्बाद कर देने का आरोप लगाते हुए लिखा था कि बालाघाट तो बर्बाद हो गया, एक विशेष वर्ग के कारण, जो आज तक संसद से लेकर विधान सभा तक, जिनको पार्टी नहीं जातिवाद सर्वोपरी है। इनकी तलवार राजा के बाजू में लटकी दिखती तो हैं, पर चलती नहीं। ये दूसरे जेहादी हैं, जिनको अंग्रेजो की देन कहते है, ये भी भगवान ही है।

उनकी इस पोस्ट से जिले के बहुसंख्यक पवार समाज के लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया था। इस टिप्पणी को लेकर सोमवार को वारासिवनी नगर के पंवार मंगल भवन में एक बैठक पंवार समाज के नागरिकों की हुई थी। जिसके बाद मंगलवार को सुबह 11 बजे फिर बालाघाट जिले के पंवार समाज के नेताओं व जनप्रतिनिधियों की बैठक पंवार मंगल भवन में हुई। जहां पर सोशल मीडिया पर की गई पोस्ट की निंदा करते हुए सुनील पिपरेवार के खिलाफ एफ आई आर दर्ज करवाने की सर्वसम्मति बनी और फिर सभी एक रैली के रूप में पैदल चलते हुए पुलिस थाना वारासिवनी पहुंचे।

जहां एसडीओपी अभिषेक चौधरी को ज्ञापन सौंपकर एफ आई आर दर्ज करने और कड़ी कार्यवाही करने की मांग की गई। जिस पर पुलिस ने श्री गणेश क्षत्रिय पंवार समाज वारासिवनी के अध्यक्ष ओंकार सिंह बिसेन की रिपोर्ट पर सुनील पिपरेवार के खिलाफ बीएनएस की धारा 353(1)(सी) के तहत मामला दर्ज कर जॉच में लिया है।

## वैनगंगा नदी पर बन रहा है जिले का सबसे लंबा पुल

**बालाघाट।** बालाघाट जिले के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम के रूप में डोंगरमाली–घोटी (महाराष्ट्र राज्य सीमा)–धापेवाड़ा अंतर्राज्यीय मार्ग पर वैनगंगा नदी पर 600 मीटर लंबे उच्चस्तरीय पुल का निर्माण किया जा रहा है। यह पुल न केवल जिले का अब तक का सबसे लंबा पुल होगा, बल्कि मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के बीच आवागमन को भी अधिक सुदृढ़ एवं सुगम बनाएगा।

वर्षा ऋतु में वैनगंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से इस मार्ग पर यातायात पूरी तरह बाधित हो जाता था, जिससे आम नागरिकों, किसानों, व्यापारियों, विद्यार्थियों एवं मरीजों को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अंतर्राज्यीय संपर्क टूटने से लोगों को लंबे वैकल्पिक मार्गों का सहारा लेना पड़ता था, जिससे समय और संसाधनों की भारी हानि होती थी। उच्चस्तरीय पुल के निर्माण के बाद यह समस्या स्थायी रूप से समाप्त हो जाएगी और वर्षभर निर्बाध एवं सुरक्षित यातायात संभव हो सकेगा।

इस पुल के बनने से वारासिवनी एवं खैरलांजी क्षेत्र के लगभग 50 ग्रामों को सुविधा होगी और उनको महाराष्ट्र के तिरोड़ा व गोदिया जाने के लिए धापेवाड़ा होते हुए एक अतिरिक्त मार्ग मिल जाएगा। इससे वारासिवनी एवं खैरलांजी की तिरोड़ा एवं गोदिया से दूरी लगभग 20 किमी कम हो जाएगी। इससे आमजन के आवागमन का समय, श्रम और अर्थ तीनों की बचत होगी।

इस पुल के बन जाने से कृषि, व्यापार एवं औद्योगिक गतिविधियों को नया प्रोत्साहन मिलेगा। किसानों को अपनी उपज समय पर मंडियों तक पहुँचाने में सुविधा होगी।

## लाडली बहना योजना में नाम जोड़ने की मांग

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट। बालाघाट जिले में लाडली बहना योजना से वंचित महिलाओं ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। महिलाओं ने मांग की कि योजना का लाभ सभी पात्र महिलाओं को दिया जाए और पंजीयन प्रक्रिया दोबारा शुरू की जाए।**



महिलाओं ने प्रशासनिक अधिकारी प्रदीप कौरव को सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की सरकार ने योजना की शुरुआत के समय यह आश्वासन दिया था कि जो महिलाएं पंजीयन से छूट जाएंगी, उनके लिए भविष्य में पोर्टल फिर से खोला जाएगा। हालांकि अब तक पंजीयन दोबारा शुरू नहीं हो सका है। हट्टा क्षेत्र के ग्रामीण अंचल के दहीगढ़वा गांव से पहुंची महिला गीता सेलोकर ने बताया कि लाडली बहना योजना का लाभ कई ऐसे परिवारों की महिलाओं को मिल रहा है, जिनके पास पर्याप्त संसाधन और सुविधाएं हैं। वहीं, आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की कई पात्र महिलाएं अब भी योजना से वंचित हैं।

महिलाओं ने आरोप लगाया कि पंचायत स्तर पर पहले फॉर्म भरवाए गए थे, लेकिन इसके बावजूद उन्हें योजना का लाभ नहीं मिला। महिलाओं ने प्रशासन से मांग की कि पंजीयन प्रक्रिया पुनः शुरू कर सभी वंचित और पात्र महिलाओं को योजना में शामिल किया जाए।

## पशु प्रजनन प्रक्षेत्र गढ़ी में प्रभारी प्रबंधक की चल रही मनमानी

हरिभूमि न्यूज गढ़ी।

पशु प्रजनन प्रक्षेत्र के प्रभारी प्रबंधन की मनमानी के चलते एक ऐसा मामला सामने आया है कि यहां से मनमानी की हद होती है पर बता दे कि पशुप्रजनन केंद्र गढ़ी के प्रभारी प्रबंधक डाक्टर शैलेन्द्र साहू जो अपने मनमर्जी से विभाग का संचालन कर रहे हैं अब वो दिन दहाड़े पिकअप में भर कर यहां की गायों को दूसरे स्थान पर ठिकाने लगाने का कार्य रहे है ये पहला मामला नहीं है पिछले दिनों तीन गायों को बाहर लेकर जा चुके है कर्मचारियों से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि किसी कमिश्नर के यहां लेकर जबलपुर जा रहे है और साथ ही उस पिकअप में दो बोरी दाना भी रखा था आपको बता दे कि कुछ ग्रामीणों ने उसे रोका और वापस पशुप्रजनन केंद्र भेजा और भी ऐसे कई मामले है जो कि इतनी निडरता से ये काम कर जाते है लगता है इनको किसी बात का कोई डर नहीं





है इनके साथ इनके अधिकारी भी इनका भरपूर साथ देते है ऐसी कौन सी लिंक है अधिकारियों से की इनको मनमानी करने से नहीं रोका करते वो चाहे फार्म की जमीन में खेती हो या फार्म की जमीन में खरीदी बिक्री हो इनको जानकारी देने के बाद भी ये अनदेखा करते है गढ़ी क्षेत्र में एक धरोहर के रूप में जाना जाता है और उसकी दुर्दशा होने से इन अधिकारी को कौन रोक सकता है क्योंकि ये अधिकारी को शासन प्रशासन का कोई डर नहीं है।

## रामपायली क्षेत्र के डहरवाल ट्रेडर्स पर जीएसटी टीम का छापा

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट। बालाघाट जिले के रामपायली इलाके में जीएसटी की टीम ने 'मेसर्स डहरवाल ट्रेडर्स' पर छापा मारा है। यह कार्रवाई लोहा और सीमेंट के कारोबार में फर्जी तरीके से टैक्स बचाने (बोगस आईटीसी क्लेम) के शक में की गई है।**




दो दिनों तक चली इस कार्रवाई के बाद जांच पूरी होने तक व्यापारी की दुकान और गोदाम को सील कर दिया गया है। जीएसटी विभाग को खबर मिली थी कि यह फर्म कागजों पर हेरफेर करके गलत तरीके से टैक्स की छूट ले रही है। अधिकारियों के निर्देश पर पहुंची टीम ने दुकान के सारे बिल और लेनदेन के कागजात खंगाले।

राज्य कर अधिकारी डी.एल. पटले ने बताया कि शुरुआती जांच में ही मामला गड़बड़ लग रहा है और ऐसा लग रहा है कि व्यापारी ने फर्जी लेनदेन दिखाकर टैक्स का फायदा उठाया है। दिसंबर के महीने में जिले के अंदर जीएसटी की यह तीसरी कार्रवाई है। एक के बाद एक हो रही इन छापेमारी से इलाके के कारोबारियों में खलबली मच गई है।

जांच टीम में डी.एल. पटले के साथ कई और अधिकारी और कर्मचारी शामिल थे। अधिकारियों का कहना है कि जब तक सारे दस्तावेजों की बारीकी से जांच पूरी नहीं हो जाती, तब तक दुकान और गोदाम बंद रहेंगे।

## कबड्डी प्रतियोगिता के दूसरे दिन डोंगरगढ़ और खोलमारा ने जीते मैच

### पुरूष वर्ग में खोलमारा ने पुनाभर्री को हराया तो महिला वर्ग में डोंगरगढ़ की बेटियों ने सिर्री की टीम को दी मात



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** ग्राम पंचायत बिसोनी अंतर्गत ग्राम चिचटोला में 3 दिवसीय ओपन कबड्डी टूर्नामेंट के दूसरे दिन दो रोमांचक मुकाबले खेले गये जिसमें पुरूष वर्ग में खोलमारा की टीम ने पुनाभर्री की टीम को हराकर प्रतियोगिता में अपनी दूसरी जीत दर्ज की। वहीं महिला वर्ग में डोंगरगढ़ से पहुंची खिलाडिय़ों ने सिर्री की टीम को हराकर प्रतियोगिता में अपनी जीत से आगाज किया।इस पहले प्रतियोगिता के प्रथम दिन पुनाभर्री और खोलमारा की टीम के बीच मैच संपन्न हुआ जिसमें खोलमारा की टीम ने 18 प्वाईंट से मैच जीतकर प्रतियोगिता में आगाज किया था। उल्लेखनीय है की ग्राम पंचायत बिसोनी के ग्राम चिचटोला में रूद्दी मामा चौक मंड़ई मेला समिति के तत्वावधान में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी तीन दिवसीय ओपन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। यह प्रतियोगिता पुरुष एवं महिला दोनों वर्गों में होगी और 29 दिसंबर से 31 दिसंबर 2025 तक मरार माली समाज भवन प्रांगण (बालाघाट रोड, चिचटोला) में संपन्न कराई जा रही है। समिति द्वारा दर्शकों, खेल प्रेमियों एवं खिलाड़ियों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। समिति द्वारा प्रतियोगिता में आकर्षक इनाम भी रखा गया है जिसमें पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार 11,001 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 7001 रुपये तथा महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार 11,001 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 7001 रुपये प्रदान किया जाएगा।

ग्राम चिचटोला में रूद्दी मामा चौक मंड़ई मेला समिति द्वारा आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता के समापन दिवस पर क्षेत्रिय विधायक राजकुमार करॉहे के आतिथ्य में फाईनल मुकाबला संपन्न होगा। इसके साथ ही प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मरार माली समाज भवन प्रांगण (बालाघाट रोड, चिचटोला) में मंडई भराई गई है और रात्रि में छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया है। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष पवन कश्यप ने समस्त क्षेत्रवासियों एवं अन्य ग्राम के उभरते खिलाडिय़ों से आग्रह करते हुए ग्राम चिचटोला में आयोजित तीन दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता में उपस्थिति देकर अपने खेल कौशल का परिचय देने की अपील की हैं। साथ ही 31 दिसंबर को आयोजित मंडई मेला कार्यक्रम एवं छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक आयोजन में बड़ी संख्या में उपस्थित होकर मेला आयोजन को सफल बनाएं।

### शिक्षा को मिला संबल

## मेधावी छात्रों के लिए विधायक संजय उइके का बड़ा कदम

### विधायक ने बांटी प्रोत्साहन राशि



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बैहर क्षेत्र में शिक्षा को प्रोत्साहन देने की दिशा में एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायी पहल के तहत प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य एवं सफल आयोजन सामुदायिक भवन कॉपर क्लब मलाजखंड में 30 दिसंबर को प्रातः 11 बजे से किया गया।कार्यक्रम में कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 80 प्रतिशत से या उससे अधिक प्रतिशत अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को विधायक संजय उइके विधानसभा बैहर के करकमलों से सम्मानित किया गया तथा उन्हें प्रोत्साहन राशि प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

समारोह को संबोधित करते हुए विधायक संजय उइके ने कहा कि "मेहनत,अनुशासन और लगन से ही सफलता प्राप्त होती है।आज जिन विद्यार्थियों को सम्मानित किया जा रहा है,वे न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे समाज और क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं।"उन्होंने कहा कि शिक्षा ही सामाजिक परिवर्तन का सबसे सशक्त माध्यम है और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को समय पर प्रोत्साहन मिलना अत्यंत आवश्यक है।विधायक संजय उइके ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभावान विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने के लिए ऐसे आयोजन मील का पत्थर साबित होते हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में कक्षा 10वीं और 12वीं के बच्चों को जो 90 प्रतिशत या उससे अधिक प्रतिशत अर्जित करेंगे उन्हें टैब देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त क्षेत्र के ऐसे बच्चें जो NEET/JEE या अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करना चाहेंगे उन्हें उनके द्वारा निःशुल्क तैयारी भी करवाई जाएगी। कार्यक्रम के दौरान विधायक संजय उइके के द्वारा अपने पिता स्व.गणपत सिंह उइके कैबिनेट मंत्री को याद करते हुए उनके संघर्षों और शिक्षा के प्रति समर्पण को भी बताया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नागेश शेनॉय अधिशासी निदेशक ताम्र परियोजना मलाजखंड और विशिष्ट अतिथि प्रमोदसिंह उपमहाप्रबंधक मानव संसाधन ताम्र परियोजना मलाजखंड रहे। अपने उद्बोधन के दौरान नागेश शेनॉय ने कहा कि इस प्रकार का कार्यक्रम बच्चों में शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण का निर्माण करती है। ताम्र परियोजना के द्वारा भी साथी संस्था के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में काम किया जा रहा है।बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दी जा रही है। आगामी समय में विधायक संजय उइके के साथ मिलकर हम इस क्षेत्र में प्रतियोगिता परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी भी करवाएंगे।कार्यक्रम के दौरान सम्मानित विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशी और आत्मविश्वास साफ झलक रहा था।बच्चों और अभिभावकों ने इस पहल के लिए विधायक संजय उइके का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना और आगे बढ़ने का उत्साह पैदा होता है। कार्यक्रम में कक्षा 10वीं के 257 बच्चों को और कक्षा 12वीं के 168 बच्चों को प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया।जबकि प्रतिभा खोज प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता-2025 में प्रथम,द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले 106 बच्चों को भी प्रोत्साहन राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।कक्षा 10वीं और 12वीं के सभी 425 बच्चों को 2500-2500 रुजबकि प्रतिभा खोज प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता–2025 के अंतर्गतप्रथम स्थान पर आने वाले 32 बच्चों को 2000-2000 रु द्वितीय स्थान पर आने वाले 35 बच्चों को 1500-1500 रुऔर तृतीय स्थान पर आने वाले 39 बच्चों को 1000-1000 रु प्रदान किया गया है। इसी प्रकार संस्था प्रमुख के साथ शिक्षकगणों को भी शाल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतिभा सम्मान समारोह में संजय उइके विधायक विधानसभा बैहर के साथ ही नागेश शेनॉय अधिशासी निदेशक ताम्र परियोजना मलाजखंड, प्रमोद सिंह उप महाप्रबंधक मानव संसाधन ताम्र परियोजना मलाजखंड, सविता धुर्वे अध्यक्ष जनपद पंचायत बिरसा,हेमंत साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बिरसा,द्रोपकिशोर मेरावी आदिवासी कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता,परसराम धुर्वे सरपंच ग्राम पंचायत अडोरी,रखीला मेरावी सरपंच गोवारी,विमल तिल्लासी सरपंच अचानकपुर,झामसिंह टेकाम सरपंच बाकीगुड़ा, रोशनी मेरावी सरपंच गढ़ी,सी.एन.झा,नीलकंठ राहंगडाले ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी बिरसा,संतोष बिसेन ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी बैहर,विमल पाटिल अध्यक्ष गढ़ी,दशरथ धारवैया सहित,विद्यालयों के प्राचार्य,शिक्षकगण, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी और अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ।

### डीएफओ से पिंजरा लगाकर रेस्क्यू की मांगी अनुमति

## खमरिया में बसाहट के नजदीक तेंदुए की आमद

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** तहसील मुख्यालय कटंगी से करीब 04 किमी दूर ग्राम खमरिया गांव के वार्ड क्रमांक 01 में वन्य प्राणी तेंदुए की लगातार आमद देखी जा रही है। जिससे इस वार्ड के ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। सोमवार की शाम करीब सवा 08 बजे के बीच वन्य प्राणी तेंदुए को आबादी के बिलकुल करीब में देखा गया। ग्रामीणों की माने तो वन्य प्राणी तेंदुआ पालतू मवेशी बकरियों का शिकार करने के इरादे से गांव के भीतर आबादी के इतने नजदीक इस सप्ताह में दूसरी बार आया। हालांकि ग्रामीणों के शोर-शराबे से वह अपने मकसद में सफल नहीं हो पाया और वापस खेतों की तरफ भाग गया। 25 दिसंबर को वन्य प्राणी तेंदुए ने गांव के भीतर घुसकर पालतू मवेशी बकरी का शिकार किया था। इस घटना के बाद ग्रामीणों ने जान-माल की सुरक्षा को देखते हुए वन विभाग से वन्य प्राणी का रेस्क्यू करने की मांग रखी थी। घटना के बाद वन विभाग ने ग्रामीणों को एहतियात बरतते हुए रात्रि के वक्त अकेले घर से बाहर ना निकलने, पशुओं की सुरक्षा के लिहाज से आंगन में आग जलाकर रखने और खेतों में गोबर के उपले के जरिए मिर्च की धूनी करने की समझाइश दी थी। वन विभाग की समझाइश पर ग्रामीणों का कहना है कि यह उपाय कारगर हो सकते है लेकिन खर्चीले भी है। गांव का हर ग्रामीण और किसान यह उपाय कर पाए ऐसा बिल्कुल भी संभव नहीं है। इसलिए वन विभाग को वन्य प्राणी का सुरक्षित रेस्क्यू करना चाहिए। ग्रामीणों का यह आरोप है कि घटना के बाद वन विभाग ने सक्रियता नहीं दिखाई। जिस वजह से तेंदुए ने बसाहट के आस-पास ही अपना डेरा जमा लिया है। बसाहट के नजदीक तेंदुए की चहलकदमी को देखते हुए वन विभाग का अमला पूरी रात खमरिया गांव में डटा रहा और मंगलवार को वन मंडल अधिकारी को एक पत्र लिखा गया है जिसमें ग्रामीणों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पिंजरा लगाकर तेंदुए का रेस्क्यू करने की जानकारी देते हुए अनुमति की कागजी प्रक्रिया पूरी की गई है।



**डर के साये में कट रही रातः** प्रत्यक्षदर्शी वैशाली ठाकरे बताती है शनिवार और रविवार की दरमियानी रात्रि उन्होंने करीब 03 बजे के आस-पास तेंदुए को अपने घर के सामने देखा। तेंदुए को देख वह बुरी तरह से डर गई और बिना शोर मचाएं खामोशी से अपने घर के भीतर चली गई और दूसरे दिन सुबह घर के सभी सदस्यों और ग्रामीणों को तेंदुआ दिखाई दिए जाने की बात बताई। ग्रामीणों ने खेत में तेंदुए के पगमार्क देखे। इस घटना को अभी ठीक तरीके 24 घंटे भी पूरे नहीं हुए थे और सोमवार की शाम करीब सवा 08 बजे फिर दूसरी बार तेंदुए ने गांव में आमद दी। वैशाली ठाकरे कहती है कि उनके घरों में छोटे-छोटे बच्चे है और घर के सामने ही पालतू मवेशी बांधकर रखे जाते है। शाम के वक्त तेंदुए के गांव में आने से जान-माल का खतरा बढ़ गया है। उन्होंने बताया कि तेंदुए ने जब पहली बार बकरी का शिकार किया तो मवेशियों की सुरक्षा के चलते कोठे के आस-पास की ईट की पक्की चारदीवारी का निर्माण करना पड़ा। राजेन्द्र गौतम बताते है कि करीब 08 दिनों से वन्य प्राणी तेंदुआ गांव में आ रहा है। जिसकी जानकारी वन विभाग को भी है किंतु वन विभाग गंभीर नहीं है। वह कहते है कि खेती-किसानी का काम करते है रात्रि के वक्त खेत में मोटर पंप चालू करने के लिए जाना पड़ता है। तेंदुए ने खेतों को ही अपना ठिकाना बना लिया है तो अब रात्रि के वक्त खेत जाने में भी डर लगता है।

**खेतों में दिखाई दे रहे पगमार्कः** खमरिया गांव में कई जगह खेतों में वन्य प्राणी तेंदुए के पगमार्क देखे जा रहे है। इन पगमार्क से किसानों में डर बना हुआ है और वह दिन के उजाले में भी अपने खेत जाने से डर रहे है। किसानों को एक तरफ अपनी फसल की चिंता है तो दूसरी तरफ जान की भी परवाह है। किसानों की मांग है कि वन विभाग जल्द ही तेंदुए का रेस्क्यू करें ताकि किसान बेखौफ होकर अपने खेतों में कृषि कार्य कर सकें। शहर से सटे ग्राम खजरी में भी वन्य प्राणी तेंदुए को देखे जाने की चर्चा बीते दो दिनों से चल रही है। हालांकि वन विभाग ने खजरी में तेंदुआ के होने की खबर से साफ इंकार कर दिया है।

### इनका कहना है

खमरिया में तेंदुए की आमद की जानकारी मिलने पर अमले ने रात्रि में गश्ती किया। पिंजरा लगाकर रेस्क्यू करने के लिए वरिष्ठ अधिकारी से पत्राचार किया गया है। ग्रामीणों को भी सतर्क रहने की जरूरत है।

**बाबूलाल चढ़ार**
**वन परिक्षेत्र अधिकारी कटंगी**